वर्ष : 06 अंक : 297

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

शनिवार, 04 मई 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

# हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### चतरा में सुरक्षाबलों को मिले एक दर्जन आईईडी



**चतरा।** जिले के कुशमाहा जंगल से सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक दर्जन आईईडी बरामद किया। बम निरोधक दस्ते की टीम ने बरामद आईईडी को मौके पर नष्ट कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र स्थित कुशमाहा जंगल में सर्चिंग के दौरान सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने डेढ़-डेढ़ किलो के एक दर्जन आईईडी बरामद किया, जिसे बीडीएस की टीम ने मौके पर नष्ट कर दिया। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च अभियान जारी है।

### राहुल गांधी सात मई को झारखंड में

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सात मई को झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। राहुल गुमला जिला के बसिया में जनसभा करेंगे। सात चरणों में होने वाले आम चुनाव के पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि पहले राहुल गांधी का कार्यक्रम छह मई को तय हुआ था लेकिन इसे एक दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। इस जनसभा में लोहरदगा और खूंटी क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। पार्टी इसकी तैयारी में जुट गई है।

### मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर ईडी और सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए ईडी और सीबीआई को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने सिसोदिया को अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलने की अनुमति का ट्रायल कोर्ट का आदेश बरकरार रखा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई को करने का आदेश दिया।

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार करने को सुप्रीम कोर्ट तैयार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव के मद्देनजर अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत देने के सवाल पर विचार कर सकता है। अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी गिरफ्तारी की चुनौती दी है, जिस पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर दलीलें रखने के लिए दोनों पक्षों को तैयारी के साथ 7 मई को आने को कहा है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे, चाईबासा में गीता कोड़ा के समर्थन में की सभा, बोले

# मेरे रहते कोई भी संविधान को हाथ नहीं लगा सकता

संवाददाता

**चाईबासा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकाला गया, जिसमें ये कहा गया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया। उन्होंने कहा कि ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता।

मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। साथ ही कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या। उन्होंने कहा कि आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। झारखंड के लोगों की भावनाओं को यदि कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अटल ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। ये भाजपा की ताकत थी, अटल की दूरदृष्टि थी कि झारखंड बना।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आएं। पहले वो एक रुपये देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपये भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी और पिछड़ों का हक मुसलमानों को दे देगी और घुसपैठियों के कारण झारखंड बंगाल बन जाएगा।




### घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। ये लोग झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। ये घुसपैठिए आदिवासी भाई बहनों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। यही खेल बंगाल में खेला था। आदिवासी इलाके में लोग घुसपैठियों से जूझ रहे हैं। यही हाल झारखंड का बनाना चाहते हैं। साथ ही कहा कि घुसपैठियों की संख्या बढ़ेगी तो झारखंड के आदिवासियों की हक भी उन्हें दे दिया जाएगा। मोदी ने झारखंड की धरती से कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता यह लिखकर दें कि वो एसटी-एससी, ओबीसी का आरक्षण काटकर धर्म के आधार पर मुस्लिमों को नहीं देंगे। कांग्रेस का कोई नेता यह बात लिखकर देने को तैयार नहीं है। क्या हम बाबा साहेब द्वारा मिले अधिकार को छीनने देंगे। मोदी आपके लिए लड़ने और मरने को भी तैयार है।

### झारखंड की भूमि से आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने बाबा साहब की जयंती के दिन आयुष्मान भारत योजना झारखंड की धरती से लांच की। दुमका की धरती से मुद्रा योजना की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि आज गरीबों को पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरूआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। इसलिए तो मैं कहता हूं, झारखंड और भाजपा का दिल का नाता है। अब 13 मई को जनता का वोट झारखंड के विकास और सुरक्षा की गारंटी बनने वाला है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सिंहभूम प्रत्याशी गीता कोड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पीएम ने रांची में किया रोड शो



संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार शाम चाईबासा में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजधानी रांची पहुंचे। यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलने के बाद उन्होंने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उनका काफिला आगे बढ़ गया।

मोदी के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह रहा। उनकी एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक सड़क किनारे लोग प्रधानमंत्री मोदी के आने का इंतजार करते रहे। जगह-जगह मोदी के स्वागत की तैयारी की गई थी। भाजपा के साथ आजसू के नेता और कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री के स्वागत में जुटे थे। पीएम मोदी ने हरमू के भारत माता चौक से रोड शो भी किया। इस दौरान सुरक्षा के भी चाक-चौबंद इंतजाम किये गये थे। पुलिस प्रशासन के लोग पूरी तरह से मुस्तैद रहे।

### साकची मैदान में बोले सीएम चंपाई

## झारखंड की सभी सीटों पर होगी इंडी गठबंधन की जीत



जमशेदपुर से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नामांकन

संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने दो सेटों में शुक्रवार को नामांकन किया। नामांकन से पूर्व मोहंती ने आवास पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनका पूरा परिवार उनके साथ रहा। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन और सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद थे।

समीर मोहंती के नामांकन से बाद साकची स्थित बोधि मैदान में आयोजित सभा में चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इंडी गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव में लड़ रहे हैं। देश में किसी की लहर नहीं चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है, कोई कहीं आ-जा सकता है। हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। इस बार महागठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर कब्जा जमा रही है।

### बंगाली हूं, किसी से डरने वाला नहीं : सुप्रियो

झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने समीर मोहंती के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश जुमलों की सरकार से त्रस्त हो चुका है। प्रधानमंत्री के पास आज कोई मुद्दा नहीं है, जिसे वे जनता के बीच रख सकें। अब वे चुनावी सभाओं में पाकिस्तान का जिक्र कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े बलात्कारी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं की सुरक्षा के मामले में पूरी तरह से विफल साबित रही है। भट्टाचार्य ने कहा कि जमशेदपुर की जनता इस बार मन बना चुकी है। समीर मोहंती को जीत से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि समीर के नामांकन में लाखों की संख्या में जुटे गांव से लेकर शहर तक की जनता इस बात का गवाह है कि जमशेदपुर में बदलाव होने जा रहा है। ईडी के रडार पर आने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाली हूं, किसी से डरने वाला नहीं हूं। मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं।

### रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आज उत्तर प्रदेश के रायबरेली और अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। कांग्रेस की विज्ञप्ति के अनुसार, राहुल गांधी इस बार रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार घोषित किया है। उल्लेखनीय है राहुल इससे पहले अमेठी से ही चुनाव लड़ते रहे हैं। उन्होंने पहली बार 2004 में अमेठी से चुनाव जीता। इसके बाद लगातार तीन बार अमेठी से चुनकर लोकसभा पहुंचे। 2019 में उन्हें अमेठी में भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी से हार का सामना करना पड़ा। गनीमत यह रही कि राहुल ने केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ा और यहां से वह जीते।

### कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

# यह चुनाव एक लड़ाई है : कल्पना

संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद स्थिति काफी बदल गयी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकर्ताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। नेता के प्रति उनका प्यार देखकर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत वापस नहीं आ जाते तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी।



कल्पना ने कहा कि मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है। सरकार चलाने के भाजपा के आरोप पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है। ये जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। जब वे 2014 में चुनाव जीते तो उन्होंने इतने बड़े-बड़े वादे किये लेकिन वे सब भूल गये और झारखंड के बारे में सोचने की जहमत नहीं उठायी।

कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं कहूंगी कि जिस तरह से सभी संवैधानिक संस्थाएं आज चल रही हैं वे केवल उन राज्यों में ही क्यों काम करती हैं, जो भाजपा शासित नहीं है? यदि वे भाजपा शासित राज्यों में कोई कार्रवाई करते हैं तो उसे जल्द ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में कोई सबूत नहीं है। कोई तथ्य नहीं है। यह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

# हेमंत को झटका, गिरफ्तारी को चुनौती वाली याचिका खारिज

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत नहीं मिली है। उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को हाई कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज दी है। इस रिट पिटिशन पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने हाइब्रिड मोड में याचिका को खारिज कर दिया।

हेमंत सोरेन की ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और हाई कोर्ट के अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने बहस की थी जबकि ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू और अमित दास ने बहस की। हेमंत सोरेन की ओर से दलील दी गई थी कि जिस मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है, वह शिड्यूल ऑफिंस नहीं है। उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का भी मामला नहीं बनता है।

बगड़ाई अंचल की जिस जमीन की बात की जा रही है, उसके दस्तावेज में उनके नाम का भी जिक्र नहीं है। हालांकि, ईडी की ओर से दलील दी गई थी कि समन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पावर और पोजिशन का गलत इस्तेमाल कर साक्ष्य को नष्ट कराने की कोशिश की थी।

झारखंड हाई कोर्ट द्वारा इस मामले में 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला आने में देरी के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की है, जिसमें कहा गया है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं। हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होंगे हेमंत सोरेन, मिली अनुमति

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को जमीन घोटाले से जुड़े मामले में होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके चाचा के श्राद्ध कर्म में छह मई को पुलिस कस्टडी में शामिल होने की अनुमति दे दी। साथ ही हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने उनकी प्रोविजनल बेल की याचिका को खारिज कर दिया। पुलिस कस्टडी के दौरान कोर्ट ने मीडिया और गवाह से बात नहीं करने या कोई राजनीतिक बयान नहीं देने की बात भी कही है। हेमंत सोरेन के चाचा राजा राम सोरेन का शनिवार की सुबह निधन हो गया था। हेमंत ने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए हाई कोर्ट से छह मई के लिए प्रोविजनल बेल मांगी थी। गत शनिवार को ईडी की विशेष अदालत ने चाचा के अंतिम संस्कार एवं क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन की 13 दिनों की मांगी गई प्रोविजनल बेल को नामंजूर कर दिया था।

### गड़बड़झाला — सावधान! चारधाम यात्रा पर साइबर ठगों की नजर

# एसटीएफ ने बंद कराईं 12 फर्जी वेबसाइट, अबतक 76 ब्लॉक

एजेंसी

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी। चारधाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर यात्रियों को ठगी से बचाया गया है।

साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नए-नए तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं।

● हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर कर रहे ठगी



फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर संपूर्ण भारत में लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही है। गत वर्ष भी कई साइबर ठगी की शिकायतें आई थीं, जिसमें विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ चारधाम यात्रा हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर ठगी की गई थी।

इस प्रकार की ठगी का मुख्य कारण यह था कि लोगों को चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुकिंग की आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी, जबकि आईआरसीटीसी ने चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अपनी वेबसाइट अधिकृत किया है। श्रद्धालु इस वेबसाइट URL www.heliyatra.irctc.co.in के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुक करा सकते हैं। कोई भी भुगतान करने से पहले संबंधित भुगतान के माध्यम की जांच पड़ताल अवश्य कर लें। वहीं श्रद्धालुओं को साइबर ठगों के चंगुल में फंसने से बचाने के लिए एसटीएफ ने अभियान चलाया है। ऐसी फर्जी वेबसाइटों पर एसटीएफ की कड़ी नजर है। उन्हें चिह्नित कर एसटीएफ सबक सिखाने का काम करेगी।

### 76 फर्जी बेवसाइट कराई जा चुकी हैं बंद

आए दिन ऐसी धोखाधड़ी वाली वेबसाइटें प्रकाश में आती रहती हैं। इसके लिए उत्तराखंड एसटीएफ को एमएचए की टीम से लगातार सहयोग मिल रहा है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लगातार फर्जी वेबसाइट की निगरानी कर रहा है, जिस पर कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 76 फर्जी बेवसाइटों को बंद कराया जा चुका है।

### युकाडा करेगी यात्रियों की सहायता

चारधाम के लिए यात्रियों को उत्तराखंड सरकार की युकाडा की ओर से आईआरसीटीसी के साथ अनुबंध कर सहायता प्रदान की जाएगी। युकाडा ने चारधाम से संबंधित पंजीकरण एवं हेलीसेवा के संबंध में सभी जानकारियों के साथ विवरणिका तैयार की है।

### साइबर क्राइम से करें शिकायत, नंबर जारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जनता से अपील की है कि यदि कोई भी फर्जी हेली सेवा वेबसाइट, मोबाइल नंबर, लिंक आदि की जानकारी हो तो तुरंत एसटीएफ देहरादून से साझा करें। इसके लिए एसटीएफ ने दो मोबाइल नंबर 9456591505 एवं 9412080875 जारी किए हैं। इस नंबर पर स्क्रीनशॉट के साथ जानकारी साझा कर सकेंगे। वहीं, वित्तीय साइबर अपराध घटित होने पर तुरंत 1930 नंबर पर संपर्क करें।

## 81 लाख का अफीम और डोडा बरामद, एक धराया

संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने अफीम तस्कर गिरोह के एक तस्कर को 81 लाख रुपये के अफीम और डोडा के साथ गिरफ्तार किया है। बरियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव में छापेमारी कर लगभग 81 लाख 15 हजार 300 रुपये का अफीम और डोडा बरामद किया गया। बरामद अफीम और डोडा 18 बोरे में 541 किलोग्राम जब्त किया गया है। मामले में आरोपित भगत गंझू गिरफ्तार किया गया है।

लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि श्रीसमाध गांव के बेलवाटीकर टोला का रहने वाला भगत गंझू और बघमरी गांव का महेन्द्र गंझू आसपास के गांव से कम दाम पर अफीम डोडा खरीदकर शिबला के रहने वाले अफीम तस्कर गोल्डेन को बेचने का अवैध धंधा करते हैं।

गोनिया चोरबोरा के निवासी गणेश गंझू को गोल्डेन पिकअप गाड़ी के साथ भगत गंझू और महेन्द्र गझू के बताए जगह पर भेजता है। उसके घर से भारी मात्रा में अवैध डोडा रखा है। सूचना के बाद बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने भगत गंझू के घर से भारी मात्रा में अफीम, डोडा बरामद किया। इस संबंध में आरोपित भगत गंझू, महेन्द्र गंझू, गोल्डेन और गणेश गंझू के खिलाफ बारियातु थाने में मामला दर्ज किया गया है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा , कहा

# बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें पदाधिकारी

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटरगाइड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, बल्कि मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें।



रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूंटी, सरायकेला-खरसावां, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें।

रवि कुमार ने कहा कि पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। इसके अलावा इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो। रवि कुमार ने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप दें। उन्होंने रांची के बुंडू में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही खूंटी जिले के कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

रवि कुमार ने सरायकेला-खरसावां के जिला स्वीप पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 का भौतिक निरीक्षण कर संबंधित कारणों का निराकरण करने तथा लोहरदगा के प्रवासी मजदूरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुंचें। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपें।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसम्पर्क आनंद सहित संबंधित जिलों के स्वीप से संबंधित पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित थे।

## नगड़ी बाजार में डालसा का डोर-टू-डोर कार्यक्रम संपन्न



संवाददाता

**रांची :** नगड़ी प्रखण्ड के नगड़ी बाजार में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। पीएलवी ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के उपाय के बारे में बताया। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीना लिंडा एवं उमेश कुमार ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। वहीं 08 जून को आयोजित होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना वादों से संबंधित विशेष लोक की जानकारी दी। उन्होंने कहा 03 जून से 07 जून तक प्री-लोक-अदालत की बैठके कर एमएसीटी से संबंधित वादों को न्यायालय में सुना जा रहा है। 08 जून को उपस्थित होकर वादों को निश्तारण करा सकते है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जूलाई को

आगमी 13 जूलाई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी।

## एक नजर

### रविवार को सजेगा शुक्राने का विशेष दीवान

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की ओर से रविवार को शुक्राने का दीवान सजाया जाएगा। यह कार्यक्रम आठवां महान गुरमति समागम के सफल समागम की खुशी में गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी में दीवान दोपहर 3:30 बजे से शाम 6.15 वजे तक सजेगा। इसमें श्री सुखमनी साहिब जी का सामूहिक पाठ होगा। शाम 4:30 बजे से 5:00 बजे तक स्त्री सतसंग सभा द्वारा शबद कीर्तन होगा। शाम 5:00 बजे से 5:45 बजे तक हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी शबद गायन कर साध संगत को निहाल करेंगे। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा के साथ दीवान की समाप्ति शाम 6.15 बजे होगी। सभा द्वारा संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया जाएगा। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि यह शुक्राने का दीवान पिछले दिनों गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आठवां महान गुरमत समागम के सफल समागम की खुशी में वाहेगुरु का शुक्राना अदा करने के उपलक्ष्य में सजाया जा रहा है।

### झामुमो ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए घोषित किए पांच उम्मीदवारों के नाम

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें सरसकना विधानसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन, रायरंगपुर विधानसभा क्षेत्र से सुनाराम टूडू, बंगरीपोशी विधानसभा क्षेत्र से विष्णु सिंह, मोरदा विधानसभा क्षेत्र से कृष्णा चंद्र दास और उदला विधानसभा क्षेत्र से चक्रधर सिंह शामिल हैं। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व झामुमो ने 30 अप्रैल की रात लोकसभा चुनाव को लेकर ओडिशा राज्य के मयुरभंज लोकसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाया था। इसके वाबजूद उन्हें विधानसभा सीट से भी टिकट दिया गया है। अंजनी सोरेन झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी हैं।

### हाई कोर्ट से महाधिवक्ता को राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के महाधिवक्ता एवं अपर महाधिवक्ता पर आपराधिक अवमानना मामला चलाने से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार को मामले में राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने 01 सितंबर, 2021 को एक मामले में सुनवाई के दौरान स्वतः संज्ञान लेते हुए इन दोनों पर अवमानना का मामला चलाने का निर्देश दिया था। साथ ही अदालत ने हाई कोर्ट रूल के अनुसार अवमानना का मामला चलाने के लिए मामले को वर्ष 2021 में खंडपीठ में भेज दिया था। साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की मौत मामले में याचिकाकर्ता ने अदालत में महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता के खिलाफ अवमानना चलाने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की थी।

### पीम भ्रष्टाचारियों के साथः राजेश

**रांची।** प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चाईबासा की जनता प्रधानमंत्री को नकारने का काम किया। रैली की भीड़ यह साबित कर दिया कि अब झारखंड प्रधानमंत्री का झूठ नहीं सुनना चाहती है। उन्होंने कहा कि फिर से 2014 और 2019 वाला झूठ प्रधानमंत्री ने आज चाईबासा में बोला। आदिवासियों के प्रति झूठा प्रेम जताया लेकिन मणिपुर के आदिवासी भाइयों एवं बहनों की चित्तकार पर प्रधानमंत्री क्यूं खामोश रहे यह नहीं बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री के आरक्षण पर दिये गये बयानों पर कहा कि प्रधानमंत्री अगर आरक्षण पर इतना गंभीर हैं तो प्रधानमंत्री यह बतायें क्या आप दलित, आदिवासी और ओबीसी के लिए आरक्षण के 50 प्रतिशत सीमा को हटाएंगे, हमने ऐसा करने की गारंटी दे दी है।

### जेपीएससी संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के पीटी रिजल्ट को चुनौती

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत राज्य पुलिस सेवा, कारा सेवा, नियोजन सेवा में नियुक्ति को लेकर पीटी के रिजल्ट को चुनौती देने वाली आलोक रंजन की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता अविनाश कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत 10 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 27/ 2017 निकली थी।

## वामदलों ने की श्रमिक नेताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा

### दोनों श्रमिक नेताओं को अविलंब रिहा करने की मांग

संवाददाता

**रांची।** भाकपा और माकपा ने रांची पुलिस के जरिये सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष और हटिया मजदूर युनियन के नेता भवन सिंह और एचईसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति के दिलीप सिंह को हिरासत में लेकर धुर्वा थाने में बैठाए रखने की कड़ी निंदा की है। साथ ही दोनों श्रमिक नेताओं को अविलंब रिहा करने की मांग की है।



माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव और भाकपा के राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय सिंह ने कहा कि पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई एहतियात के तौर पर पर की गई है लेकिन एचईसी के मजदूरों के जरिये प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान किसी प्रकार के विरोध कार्रवाई का कोई आह्वान भी नहीं किया गया था।

नेताओं ने कहा कि एचईसी के अनुशासित मजदूर इस बात से अवगत हैं कि आम निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है और पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में एचईसी के मजदूर चुनाव की प्रक्रिया में कोई बाधा खड़ा करना नहीं चाहते हैं लेकिन एचईसी के मुद्दे पर अलग-थलग पड़ी भाजपा घबराई हुई है और उसने ही रांची पुलिस पर दबाव बनाकर श्रमिक नेताओं को गिरफ्तार कराया है।

## अक्षय तृतीया दस को, नए उद्योग लिए बहुत शुभ

संवाददाता

**रांची।** इस वर्ष अक्षय तृतीया दस मई को है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ है। कुछ नया शुरू करने के लिए यह दिन सबसे अच्छे दिनों में से एक माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, वाहन, घर-जमीन और घर के सामान आदि की खरीदारी परिवार में समृद्धि और सौभाग्य लाता है।



पंडित मनोज पांडेय का कहना है कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 5:31 से प्रारंभ हो रहा है, जो अगले दिन सुबह 4:37 बजे तक रहेगा। मकान, वाहन, जमीन और स्वर्ण सामग्री की खरीदारी के लिए यह बहुत ही उत्तम दिन है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य किया जा सकता है। इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है। अक्षय तृतीया सनातन और जैन धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है, जो धर्मग्रंथों के अनुसार एक शुभ दिन है। इस दिन सभी मांगलिक कार्य किए जाते हैं।

यह सौभाग्य, सुख और समृद्धि का त्योहार माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा का विधान है। यह दिन पूर्वजों को सम्मान देने और उनका आशीर्वाद लेने का भी दिन है।

### भाजपा ने मनाया रघुवर दास का जन्मदिन



**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जन्मदिन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में केक काटकर मनाया गया। पहाड़ी बाबा मंदिर में शुक्रवार को उनकी लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य की कामना के साथ पूजा-अर्चना कराई गई। पुजारी माखन पंडित ने पूजा-अर्चना की। पहाड़ी मंदिर प्रांगण में छोटे-छोटे बच्चों और जरूरतमंदों के बीच फल एवं मिठाइयां का भी वितरण किया गया। इस मौके पर शुभम कुमार जायसवाल, तरुण कुमार

## अतुल अनजान के निधन पर पार्टी ने झुकाया झंडा

संवाददाता



**रांची।** भाकपा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अनजान के निधन पर तीन दिनों के लिए पार्टी का झंडा झुका दिया गया है। राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि अनजान भाकपा के बौद्धिक संपदा थे। वह प्रखर वक्ता और कई भाषाओं के जानकर हर दिल अजीज थे। राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि वह निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता थे। संघर्ष की राह उन्हें विरासत में मिली थी। उनके पिता डॉक्टर एपी सिंह विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कई आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कई वर्षो तक जेल में रहे। 20 साल की उम्र में नेशनल कॉलेज के प्रेसिडेंट और 60 के दशक भाकपा के मेंबर बने। एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव थे। कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका खासकर उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट में लगमग पांच वर्ष तक जेल में रहे।

उल्लेखनीय है कि अनजान का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। 60 साल के अनजान कैंसर से पीड़ित थे और पिछले एक महीने से लखनऊ के गोमतीनगर स्थित मेयो अस्पताल में मौत से जंग लड़ रहे थे।

### स्नातक सेमेस्टर फोर के परीक्षाफल से असंतुष्ट विद्यार्थी यशस्विनी से मिले

## समाधान का कुलपति ने दिया आश्वासन

संवाददाता

**रांची।** रांची विवि के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय से उनके आवास पर मिले और अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। उन्होंने बताया कि सेमेस्टर फोर की परीक्षा में विवि प्रशासन की लापरवाही के कारण 75% से अधिक छात्र छात्राएं हर कॉलेज में फेल कर दिए गए हैं। जबकि उन्होंने पेपर अच्छा दिया है। उन्होंने मांग किया कि रिजल्ट का रिवाइज किया जाए।



यशस्विनी सहाय ने उनकी बातें ध्यान से सुनीं। वहीं मौके पर उपस्थित सुबोध कांत सहाय ने रांची कुलपति से फोन पर बातें की और छात्र-छात्राओं की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कुलपति ने श्री सहाय को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर इन छात्रों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सुश्री सहाय से मिलने वालों में संत पौल कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, निर्मला कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, योगदान कालेज और राम लखन सिंह यादव कॉलेज के छात्र छात्राएं शामिल थे। इनमें पूनम कुमारी, नम्रता बाजोरिया, निककी कच्छप, प्रमिला कुमारी राज तिर्की, योगेश कुमार, रितेश कुमार, विकास कुमार, हेमा कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

### डीएवी गांधीनगर स्कूल में चला पक्षी बचाओं अभियान

रांची। राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए शुक्रवार को रिलेशंस कि ओर से बेजुबान पक्षियों को रक्षा के लिए पक्षी बचाओ अभियान डी ए वी गांधीनगर स्कूल कांके में चलाया गया। इसमें बच्चों ने पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील भी की गई। मौके पर बच्चो के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बाटे गए। साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा के करने में अपना योगदान देंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी,समेत स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं एव सैंकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है: राजेश

संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मिर की अध्यक्षता में गुमला,सिमडेगा, खूंटी जिले के कार्यकर्ताओं की चुनावी समीक्षा बैठक जिला मुख्यालयों में हुई। बैठक उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मिर ने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले 5 वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं, अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। 5 वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन द्वारा बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी एवं बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे। मतदान के दिन तक जरूरी है कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपने बूथ के मतदाताओं से निरंतर संपर्क करते रहें ताकि भाजपा द्वारा चुनाव की धारा को मोड़ने का यदि कोई भी गैरवैधानिक कार्य किया जाए या अफवाह फैलाई जाती है तो उससे आम लोगों को सावधान किया जा सके और उनकी सच्चाई बताई जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले, वार्ड,प्रखंड में लड़ता है ताकि पार्टी की जीत हो सके।




### प्रधानमंत्री रोज नए शिगूफे छोड़ रहे हैं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है। उन्होंने जनता की समस्याओं के तह तक पहुंचने के लिए पूरे भारत का पैदल भ्रमण किया है और समस्याओं को खत्म करने हेतु आवश्यक कार्ययोजना को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी रोज नए शिगूफे छोड़ रहे हैं ताकि लोग भटक जाएं। मंगलसूत्र, आभूषण, मुसलमान, मटन,भैंस के बाद चुनाव में पाकिस्तान की एंट्री कराई जा रही है ताकि वोटो का ध्रुवीकरण किया जा सके। मतदान के दो चरणों में जनता ने पूरे धैर्य के साथ मतदान किया है और अभी तक इनके बहकावे में नहीं आई है जिससे यह बौखला चुके हैं,आप अपने-अपने क्षेत्र में पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी गतिविधियों पर नजर रखें । बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मोदी सरकार के मंत्री पूरे देश में घूम-घूम कर झूठ बोल रहे हैं वो नहीं चाहते हैं कि किस देश में आदिवासियों दलितों का उत्थान हो आरएसएस के एजेंडे को पूरा करने में मोदी सरकार लगी हुई है। आरएसएस के एजेंडे में ही लोकतांत्रिक और आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना है। देश के लोगों को कांग्रेस ने समानता का अधिकार का अवसर प्रदान किया है और उस व्यवस्था को बर्बाद करके भाजपा पुनः पुरानी वर्ण व्यवस्था लागू करना चाहती है।

### देश में भाजपा की मनमर्जी चल रहीः बंधु

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के मनमर्जी चल रही है,नेताओं पर फर्जी मुकदमे किये जा रहे हैं फर्जी मुकदमों के बल पर आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है। देश का संविधान खतरे में है भाजपा के नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं यदि भाजपा सत्ता में आई तो इसका सबसे बड़ा खामियाजा आदिवासियों को भुगतना पड़ेगा क्योंकि अपने पूंजीपति दोस्तों के विकास के लिए जंगल की जमीनों को भी उन्हें देने से नहीं हिचकेंगे और इसके लिए संविधान बदलकर भाजपा ऐसा प्रावधान भी कर सकती है। जिससे आदिवासी समुदाय जंगलों से पलायन पर मजबूर हो जायेगा।

## एक नजर

### डीवीसी में कार्यालय कार्य शत-प्रतिशत हिन्दी में ही करें : मनोज कुमार ठाकुर

**चंद्रपुरा :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में शत प्रतिशत हिंदी में ही कार्यालय कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार को तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में इस बाबत राजभाषा नोडल अधिकारियों और सभी विभाग के अध्यक्ष की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे सभी कार्यालय कार्यों का निपटारा हिंदी में ही करें। बैठक में हिंदी पत्रों का जवाब हिंदी में ही देने, मूल पत्राचार के अधीन और भेजें जाने वाले पत्र हिंदी में भेजा जाना सुनिश्चित करने, ई ऑफिस में नोटिंग हिंदी में प्रस्तुत करने, सर्विस बुक और नोट शीट में की जाने वाली नोटिंग हिंदी में ही करने आदि पर चर्चा की गई।
कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी रवि सिन्हा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह, उप महाप्रबंधक राजीव रंजन ओझा, संजीव कुमार, दिलीप कुमार, ललन प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चौधरी, श्वेता रानी , मुकेश कुमार, अजय कुमार, प्रतिमा खालको श्रीवत्स, सुनीता कमारी, संजीव कुमार, अक्षय कुमार, आर के निराला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, वसंत कुमार महापात्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, बलदेव राम, रामजी रजक आदि उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलनकारी सहदेव कपरदार के निधन से शोक की लहर

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के गर्री निवासी झारखंड आंदोलनकारी एवं झामुमो नेता सहदेव कपरदार (80 वर्षीय) का निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते हीं उनके अंतिम दर्शन के लिए कसमार समेत आसपास के कई प्रखंड के सैकड़ों लोग उनके घर पहुंचे। जानकारी के अनुसार सहदेव कपरदार घर के सामने शौचालय में गिर गए थे, जिससे उनका ब्रेन हेमरेज हो गया। आनन फानन में उन्हें जैनामोड़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सहदेव कपरदार ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। इसके अलावा चार दशक पूर्व महाजनी प्रथा के खिलाफ लड़ाई में भी उन्होंने लोगों को गांव गांव घूमकर जागरूक व गोलबंद किया था। सहदेव कपरदार दो पुत्र परमेश्वर कपरदार एवं रमेश कपरदार, दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन के बाद शुक्रवार दोपहर स्थानीय श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सिकंदर कपरदार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, गर्री अंजुमन कमेटी के सदर शेरे आलम, धनलाल कपरदार, शकुर अंसारी, दुर्गा प्रसाद प्रजापति, प्रवीण कुमार, कुमारी किरण समेत अन्य दर्जनों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### मिथिला महिला समिति ने किया ड्रिंक प्रतियोगिता का आयोजन



बोकारो : सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति द्वारा समर ड्रिंक (ग्रीष्मकालीन पेय) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिषद द्वारा संचालित सेक्टर 4 ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में गुरुवार की शाम आयोजित इस प्रतियोगिता में मिथिला महिला समिति की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों का स्वागत समिति की अध्यक्ष सीमा झा एवं सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी ने किया। उन्होंने आगामी 17 मई को मिथिला सांस्कृतिक परिषद व मिथिला महिला समिति द्वारा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में जानकी (सीता) नवमी भव्यता पूर्वक मनाने के बारे में भी चर्चा की।समर ड्रिंक प्रतियोगिता में चंदा चौधरी को प्रथम, मधुबाला झा को द्वितीय व गुड़िया झा को तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला। प्रेरणा ओझा चतुर्थ और रेणुका एवं बबीता झा पांचवें स्थान पर रहीं। अमिता झा, नमिता झा, भारती झा, सुशीला रानी, कुमकुम झा, लीला सिंहा, मधु ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता की जज इंदिरा झा, सविता मिश्रा, आभा झा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर किरण मिश्रा, आशा झा, डॉ मंजू झा, पूनम झा, आशा पाठक, प्रतिभा झा, सुशीला रानी आदि उपस्थित रहीं।

### अक्षय तृतीया से पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए गैरसरकारी संगठनों ने उठाई मांग

# बाल विवाह के खिलाफ देश में उठाए जाएं सख्त कदम

**बाल विवाह को रोकने में विफलता पर मुखिया व सरपंचों को ठहराया जाएगा जवाबदेह**

**मामले की गंभीरता और तात्कालिकता का संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई करते हुए जारी किया आदेश**



कार्यालय संवाददाता

**बोकारो :** बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि झारखंड राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं। झारखंड के बोकारो में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन सहयोगिनी ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह भी इस नजीर का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करे कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा कि सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए।।खंडपीठ का यह आदेश अक्षय तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है।
याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए बेहद कड़ी नजर रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले हीं संपन्न हो चुके हैं। लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है।

बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक हैं और हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुव्यार्पार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह मुखिया या सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सकें। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी के तौर पर हम पूरे देश के जिलाधिकारियों से इसी तरह के कदम उठाने की अपील करते हैं। जमीनी स्तर पर हमारी पहलों ने यह साबित किया है कि बाल विवाह जैसे मुद्दों के समाधान में सामुदायिक भागीदारी सबसे अहम है। यह अदालती आदेश बच्चों की सुरक्षा के लिए समुदायों को लामबंद करने में स्थानीय नेतृत्व की जवाबदेही की जरूरत को रेखांकित करता है।

## ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए प्रमुख हितधारकों और बिडर्स के बीच शिखर सम्मेलन का आयोजन



संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए प्रमुख हितधारकों और बिडर्स के शुक्रवार को शिखर सम्मेलन का आयोजन मानव संसाधन विभाग के मेन ऑडिटोरियम में किया गया। सम्मलेन का शुभारंभ श्रीमती अनिमा कुशवाहा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) के स्वागत भाषण तथा अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) के द्वारा सहयोगात्मक सफलता की ओर विषय के अंतर्गत साझा की गई अंतर्दृष्टि के साथ शिखर सम्मेलन को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। अनूप कुमार अधिशासी निदेशक (कोलियरीज), एस मुखोपाध्याय अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) भिलाई स्टील प्लांट, आलोक वर्मा अधिशासी निदेशक (माइंस) ओजीएम, एस के वर्मा अधिशासी निदेशक (सी ई टी), तरुण मिश्रा अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राउरकेला स्टील प्लांट तथा पी के रथ अधिशासी निदेशक (एस आर यू) शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल थे। शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य बिडर्स, प्रमुख हितधारकों, सलाहकार और बीएसएल के बीच ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण की लागत, निष्पादन समय सीमा, और समय पर परियोजना के लिए इष्टतम कार्यान्वयन रणनीति निर्धारित करना है।
कार्यक्रम में बीएसएल के महाप्रबंधक (ब्राउनफील्ड विस्तार) नरेश कुमार बेहरा तथा मेसर्स एमएन दस्तूर के प्रतिनिधि के द्वारा कच्चे माल से स्टील बनाने और डायरेक्ट रोलिंग जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी पी आर) का प्रस्तुतीकरण किया गया। पी एच शर्मा मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) एस पी दास महा प्रबंधक(सी ई टी) तथा एम टी राव, मुख्य महाप्रबंधक(परियोजनाएं) सेल निगमित कार्यालय ने पैनल चचाओं में अपना अहम योगदान किया।
बीएसएल के विस्तार के लक्ष्य में 4500 मीटर क्यूब का ब्लास्ट फर्नेस, 165-टन कैपेसिटी का दो बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (बी ओ एफ), सिंगल स्ट्रैंड का स्लैब कॉस्टर तथा डायरेक्ट रोलिंग जैसी प्रमुख इकाइयां स्थापित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त कच्चे माल के भंडारण और हैंडलिंग की सुविधाओं में वृद्धि तथा इसकी सहायक प्रणाली का विस्तारीकरण करके कुशल परियोजना निष्पादन की योजना है। आज के शिखर सम्मेलन ने सभी प्रतिभागियों को स्टील बनाने के लिए रणनीतिक रूप से कच्चे माल की उपलब्धता की योजना बनाना, नवोन्मेषी परियोजना प्रबंधन को अपनाना तथा समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने के चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सेल -बोकारो सहित देश की अन्य इस्पात कंपनियां भी अपनी क्षमता विस्तार की प्रक्रिया में है, जो देश के भविष्य की मांग के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि इस अहम कार्य की सफलता के लिए सभी सम्बंधित पक्षों के बीच कार्य योजना के विषय में स्पष्टता और सामंजस्य आवश्यक है।

## द्वारिका प्रसाद लाला ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन पत्र दाखिल

**कहा, जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीता तो बेरोजगारी दूर करूंगा**



संवाददाता

**बोकारो :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र 06 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में हिंद मजदूर किसान पंचायत के महासचिव द्वारिका प्रसाद लाला (डी पी लाला) ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।।श्री लाला ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह बोकारो उपायुक्त विजया जाधव के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए द्वारिका प्रसाद लाला ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में बेरोजगारी, गांव-गांव में पेयजल की समस्या, भ्रष्टाचार की समस्या का हल आज तक किसी सांसद ने नहीं किया। जिससे बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिलने के कारण दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं। जिसके कारण उसका परिवार पूरी तरह बिखर जाता है। मैं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता के आदेश पर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए आज नामांकन पत्र दाखिल किया हूं। मुझे विश्वास है कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता इस बार मुझे सेवा का मौका देगी और चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले मैं लोकसभा क्षेत्र में उद्योग लगाकर बेरोजगारी की समस्या दूर करूंगा ताकि बेरोजगारों को पलायन करना नहीं पड़े। मैं मजदूर यूनियन हिंद मजदूर किसान पंचायत का महासचिव हूं। चुनाव जीतने पर लोकसभा में कोयला मजदूरों की 9.4.0. लागू कराने की आवाज उठाकर लागू कराऊंगा। इसके अलावा मजदूरों की अन्य समस्याओं को उठाकर सुविधा दिलाने का पूरा प्रयास करूंगा। नामांकन के समय उनके अनेकों समर्थक मौजूद थे।

## परमात्मा हमारे ह्रदय में : आचार्य रूद्र कृष्ण



संवाददाता

**बोकारो :** संडे बाजार छोटा क्वार्टर दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में श्रीधाम वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य रूद्र कृष्ण महाराज ने राजा बलि की कथा श्रवण कराया, जिसमें बावन अवतार का भी दर्शन कराया गया। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है।

हर बच्चे को अपने माता-पिता की बातें माननी चाहिए और सबसे बड़ा भगवान माता-पिता ही होते हैं। जिनके ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। साथ-साथ हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ अपने बच्चों को भागवत कथा सत्संग हो, कीर्तन हो, अपने साथ जरूर लाएं। क्योंकि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में संस्कार अच्छा आता है। अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए भगवान के प्रति अन्य विश्वास रखता है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के एक-एक शब्द अमृत के समान है। इस कथा में आकर्षक झांकी का भी आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में वहां की कमेटी काफी सक्रिय दिखी।

### लू लगने से बचाव और उपचार को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल में लू से बचाव और उसके उपचार को लेकर एक प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को हॉस्पिटल परिसर में किया गया। प्रशिक्षण शिविर में हॉस्पिटल के डीजीएम हेल्थ डॉ संजय कुमार, डॉ एसके झा, डॉ संगीता रानी, डॉ सतीश कुमार, डॉ बी सुदर्शन सहित सभी कर्मी शामिल हुए। लू से बचाव और उसके उपचार को लेकर डॉ राघव रंजन ने प्रशिक्षण में बताया कि भीषण गर्मी में लू लगने से बीमार होने के कई मामले सामने आते हैं, जिससे कुछ सावधानियां बरत कर बची जा सकती है। कहा कि लू लगने के लक्षणों में जोर का प्यास लगना, शरीर का तापमान बढ़ा हुआ होना, जी मिचलाना, चक्कर आना, अधिक पसीना आना, सिर में भारीपन लगना तथा रक्त चाप का कम होना शामिल है।

## कन्या दान सबसे महान दान : अमल दास



संवाददाता

**बोकारो :** कन्या दान सबसे महान दान है। यह नेक कार्य कर आत्म शांति मिलती है। लगता है कि हम एक महान कार्य किया है। यह कहना है सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास का। श्री दास के निदेर्शानुसार बोकारो जिला के विभिन्न क्षेत्रों के सात गरीब लड़कियों चंदनकियरी प्रखंड के खेड़बेड़ा गांव के वचन दास की पुत्री पुष्पा कुमारी, चोडगोई गांव की कंचन महतो, चास प्रखंड के सोलागीडीह निवासी मो० इसलाम अंसारी की पुत्री यासमीन खातून, सोनाबाद गांव के सिद्धिक अंसारी की पुत्री रेशमा खातून, चास के पुराना बाजार बाउरी मोहल्ला निवासी अशोक कुमार बाउरी की पुत्री पूर्णिमा कुमारी, संकर बाउरी की पुत्री खुशबू कुमारी और चास के अंबेडकरपुरी निवासी अशोक दास की पुत्री दोना कुमारी की शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से पांच पांच हजार रुपए का चेक और एक एक साड़ी सगुण के तौर पर संस्था के बोकारो जिला के जिला प्रभारी अशोक दास एवं एसोसिएट के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथों ग्रामीणों की उपस्थिति में सौंपा गया। वहां उपस्थित सभी गाव वालों को बताते हुए अमल दास ने बताया कि इस संस्था की स्थापना 2019 में चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी में की गई थी। आज मात्र पांच वर्षों में झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ व बंगाल में भी संस्था कार्य कर रही है। यह अपने आप में एक गौरव की बात है। संस्था स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर का सर्वे कराकर निःशुल्क दवा वितरण करने का काम करने जा रही है। संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था का एक उद्देश्य यह भी है कि गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग किया जाय। इसके लिए संस्था उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ने का काम कर रही है। संस्था हरेक वार्ड स्तर पर एक एक बाल शिक्षा केंद्र खोलने जा रही है। ताकि गरिब लोगों के बच्चों को सही और अच्छा शिक्षा प्राप्त हो सके। आगे बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। ताकि महिलाएं अपने आप आत्मनिर्भर बन सकें। संस्था नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना, और स्वस्थ भारत परियोजना जैसी जन कल्याणकारी कार्य कर रही है। साथ हीं गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करते आ रही है। मौके पर जिला प्रभारी अशोक दास, उप जिला श्रीकांत दास, एसोसिएट रेणुका बाउरी, ममता बाउरी, सबिता महतो,अनिता देवी,के अलावे आस पास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### अनूप के अमर्यादित रवैये से आहत हो जिला उपाध्यक्ष जेपी द्विवेदी ने छोड़ी कांग्रेस,

# नहीं थम रहा कांग्रेस में अंतरकलह, कुनबा समेटना बड़ी चुनौती

संवाददाता



**बोकारो :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को कांग्रेस का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से लेकर पार्टी में अंतर्कलह थमता नजर नहीं आ रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं दी सिटी सेंटर ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव ज्योति प्रकाश द्विवेदी ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया। पिछले 30 वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय राजनीति से जुड़े ज्योति प्रकाश की यह बगावत जिले में पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। छात्रसंघ, युवा मोर्चा, सेवा दल से वह जुड़े रहे और मौजूदा जिला कमिटी में उपाध्यक्ष पद पर थे। एक खास बातचीत में ज्योति ने बताया कि विगत कुछ समय से पार्टी में सामंजस्य नहीं बन पा रहा था। दो दिन पूर्व बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में लोकसभा चुनाव के संदर्भ में हुई बैठक के दौरान अनूप सिंह ने अमर्यादित और धमकी भरे के लहजे में काफी बातें कहीं, जिससे अपनी नाराजगी जताते हुए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को सूचित कर दिया और पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद सहित प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। तदुपरांत अपने सैकड़ों साथियों के साथ बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। धनबाद भाजपा प्रत्याशी सह विधायक ढुल्लू महतो एवं बोकारो विधायक बिरंची नारायण के द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नीति व सिद्धांत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी कार्यों से वह काफी प्रभावित हुए हैं।

उनके साथ भाजपा का दामन थामने वालों में अनीत सिंह दांगी, निकेश उपाध्याय, बिनोद पांडेय, मोनू कुमार, प्रशांत द्विवेदी, अनीश कुमार, शंकर मरांडी, मदन हांसदा, आनंदलाल महतो, सौरव रस्तोगी, विपिन अग्रवाल, उमेश सिंह, रितेश सिंह, अमरेंद्र कुमार, आनंद सोरेन, संजय कुमार आदि शामिल थे।
गौरतलब है कि अनुपमा सिंह को दिए जाने के विरुद्ध पार्टी के बोकारो जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम दुबे एवं पूर्व महासचिव सह वर्तमान आजीवन सदस्य अनिल सिंह ने इसके पूर्व नाराजगी जताते हुए अपना इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने टिकट की सौदेबाजी का आरोप भी जड़ा था। धनबाद में कांग्रेस के दिग्गज नेता ललन चौबे ने भी पार्टी को इसी मुद्दे को लेकर अलविदा कह दिया था। इसके अलावा, अन्य कई कार्यकताओं ने भी कांग्रेस की नीति पर असंतोष जताते हुए पार्टी से मुंह मोड़ लिया। जाहिर है, चुनाव से पहले ऐसी भगदड़ और पार्टी का कुनबा समेटकर रखना एक बड़ी चुनौती से कम नहीं।

## एक नजर

### भाकपा माले ने बेंगाबाद प्रखंड में चलाया विनोद सिंह के लिए जन संपर्क अभियान



**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड के बसमत्ता तथा मुंडराडीह में भाकपा माले ने जन संपर्क अभियान चलाकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने की अपील की।।अभियान की अगुवाई कर रहे माले नेता राजेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार देश के गरीबों के लिए अभिशाप बन चुकी है। मोदी सरकार आम जनता के लिए तबाही और कंपनियों के लिए खुशहाली लाने के लिए याद की जाएगी। इस सरकार ने देश के युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा है। जनता मोदी सरकार को माफ नहीं करेगी।।श्री यादव ने लोगों से घर घर से सहयोग करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को वोट देने की अपील की।।मौके पर अन्य के अलावा शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, दिनेश यादव, पियारी यादव, दशरथ पासवान, अशोक पासवान, सुरेंद्र पासवान, महेश यादव, टिंकू यादव, संदीप पासवान, सुरेश त्रिवेदी, जनाब अंसारी, आजाद अंसारी, मकसूद अंसारी, समशुल अंसारी, एतवारी अंसारी, जब्बार अंसारी, संजीत यादव, डेगन यादव, सूरज दास सहित अन्य मौजूद थे।

### 30 जून तक होल्डिंग टैक्स भुगतान करने पर फुसरो नप दे रही है 5 से 10 प्रतिशत की छूट

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में रहने वाले शहारवासियों को 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 5 से 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 का कर जमा करने वाले इस छूट का लाभ उठा सकते हैं। वहीं ऑनलाइन भुगतान करने पर यह छूट आमजनों के लिए 10 प्रतिशत है। जबकि दिव्यांग, बुजूर्ग, आर्मी, थर्ड जेंडर को 15 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। उक्त जानकारी शुक्रवार को फुसरो नप के प्रशासक गोपेश कुंभकार ने देते हुए बताया कि यह छूट 30 जून तक हीं लागू रहेगा। जो लोग छूट का लाभ लेना चाहते हैं वह समय पर अपने टैक्स को जमा कर दें। उन्होंने बताया कि सीसीएल ढोरी व बीएंडके एरिया का वर्ष 2023-24 का होल्डिंग टैक्स अबतक जमा नहीं हुआ है। नगर परिषद के द्वारा 27 अप्रैल को सीसीएल को एक नोटिस भेज कर टैक्स जमा करने का आदेश दिया है। तीन नोटिस भेजने के बाद सीसीएल टैक्स जमा नहीं करती है तो उनका खाता फ्रिज कर टैक्स वसूल किया जायेगा। विदित हो कि 2023-24 का सीसीएल ढोरी का बकाया राशि एक करोड़ 56 लाख छह हजार 154 रूपया है। जबकि बीएंडके का 89 लाख 34 हजार 366 बकाया है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह में सम्मान कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह में गर्व, उत्सव और उपलब्धि की सुबह देखी गई है। क्योंकि इसने अपने इंटर हाउस प्रतियोगिताओं, डीएवी स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता के लिए उत्सुकता से पुरस्कार वितरण समारोह की मेजबानी की और उत्कृष्टता को स्वीकार किया। छात्रों की असाधारण उपलब्धियाँ. प्रतिष्ठित स्कूल के प्रांगण में आयोजित यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में हमारे छात्रों द्वारा प्रदर्शित समर्पण, प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रमाण था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, बासब चौधरी महाप्रबंधक सह एलएमसी अध्यक्ष, सीसीएल, गिरिडीह, क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि,



विजय मिश्रा राज्यकर पदाधिकारी झारखण्ड सरकार एवं विद्यालय के पूर्व छात्र दीपक कुमार पब्लिक रिलेसन डाक विभाग गिरिडीह एवम अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनकी सौम्य उपस्थिति ने कार्यवाही को सम्मान और महत्व दिया, जो अपने छात्रों की उपलब्धियों को पहचानने और जश्न मनाने के लिए स्कूल के अटूट समर्पण को दशार्ता है।

कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय के सुदीप कुमार यादव ने भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित ' झारखण्ड राज्य स्तरीय पत्र-लेखन प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान हासिल किया और उन्हें 25000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक और प्रतिभाशाली, कुमार सौरभ, जो हमारे स्कूल के पूर्व छात्र हैं, भारत सरकार में जीएसटी इंस्पेक्टर बन गए हैं, जो स्कूल के भीतर पनपने वाली प्रतिभा की निरंतरता का प्रतिनिधित्व करते हैं। समारोह में शिक्षाविदों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल सहित विविध प्रकार की श्रेणियां शामिल थीं, प्रत्येक श्रेणी अच्छी तरह से विकसित व्यक्तियों के पोषण में स्कूल के विश्वास के साथ प्रतिध्वनित होती है।।मंच जीवंत हो उठा जब विजेताओं को उनके योग्य पुरस्कार प्राप्त करने के लिए एक-एक करके बुलाया गया। जब छात्र मंच पर चले तो उनके चेहरे गर्व से चमक उठे और बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया।

विद्यालय प्रांगण को जीवंत सजावट से सजाया गया था जो इस अवसर की उत्सव भावना को दशार्ता था। जैसे ही समारोह शुरू हुआ, विद्यालय के प्राचार्य ओपी गोयल ने कहा कि शिक्षा स्वतंत्रता के सुनहरे द्वार खोलने की कुंजी है। जिसने इस अवसर अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता को पहचानने और उसकी सराहना करने के महत्व के बारे में भावुकता से बात की और बताया कि कैसे ये मूल्य छात्रों के भविष्य के प्रयासों के लिए मार्गदर्शक रोशनी के रूप में काम करेंगे। मुख्य अतिथि बासब चौधरी ने विजेताओं को बधाई दी और जिम्मेदारियों को निभाते समय विनम्र रहने की आवश्यकता पर जोर दिया और छात्रों को स्कूल की बेहतरी के लिए एकीकृत उत्साह के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उनके माता-पिता को भी उनकी सफलता के लिए बधाई दी और अगली चुनौती के लिए शुभकामनाएं दीं। विजय कुमार ने कहा कि डीएवी बच्चों को शिक्षा के साथ -संस्कार भी देती है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीआईटी सिंदरी में टेक महोत्सव का उद्घाटन



संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में तकनीकी क्लबों के सहयोगात्मक प्रयासों द्वारा आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी महोत्सव, टेक महोत्सव का भव्य उद्घाटन हुआ। सम्मानित निदेशक डॉ० पंकज राय ने अपनी उपस्थिति से उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई और इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी।.प्रतिष्ठित व्यक्तित्व जैसे प्रो० डॉ० घनश्याम, प्रो० आर.के.वर्मा, प्रो० बी.डी. यादव, प्रो० विनीत शेखर, प्रो० अकरम, प्रो० एस.सी.दत्ता और प्रो० इम्तियाज ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर को और ऊंचा उठाया।.स्मार्ट सिटी चैलेंज ने किकऑफ इवेंट में से एक के रूप में केंद्र स्तर पर कब्जा कर लिया। आईएसटीई बिट्स द्वारा आयोजित और सावधानीपूर्वक आयोजित, उद्घाटन का दौर आईटी बिल्डिंग में टेक महोत्सव 24 की भव्यता के बीच शुरू हुआ।।प्रतिभागियों ने शहरों के निर्माण में अपनी असीम रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, जहां स्थिरता नवाचार के साथ सहज रूप से जुड़ी हुई है। स्मार्ट ग्रिड से लेकर एआई-संचालित सेवाओं तक, प्रत्येक विचार ने कल के शहरी परिदृश्य को आकार देने में योगदान दिया।

# आजसू के केन्द्रीय सचिव रहे अर्जुन बैठा ने निर्दलीय प्रत्याशी बनकर किया नामांकन

### आजसू से इस्तीफा देने की कही बात, साथ हीं भाजपा पर लगाया उपेक्षा का आरोप

## एनडीए को बड़ा झटका

संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में शुक्रवार को एनडीए गठबंधन को उस वक्त झटका लगा जब आजसू के केन्द्रीय सचिव रहे अर्जुन बैठा अपने समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी डीएसओ गुलाम समदानी के पास नामांकन पर्चा भरा। उन्होंने एक सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इस दौरान



समर्थकों ने उनके पक्ष में जमकर नारेबाजी की।

नामांकन के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए अर्जुन बैठा ने कहा कि वो आजसू से इस्तीफा दे चुके हैं।

इतना हीं नहीं उनके साथ पूरे गांडेय विधानसभा क्षेत्र से कार्यकताओं ने आजसू से इस्तीफा दिया है। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर खुद की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि आजसू प्रमुख सुदेश महतो के साथ उनका अंतिम बैठक हुई। जिसमें आजसू प्रमुख ने 2024 के आने वाले चुनाव का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया।

लेकिन वो भाजपा से मिल रहे उपेक्षा के कारण घुटन महसूस कर रहे थे। इसलिए उन्होंने खुद और गांडेय से आजसू की पूरी टीम ने इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने का एलान किया। कहा कि जब चुनाव लड़ने का निर्णय लिए हैं तो एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को हराकर जीत दर्ज कराना हीं उनकी प्राथमिकता में है।

### एसपी दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में

# सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर अलग अलग स्थानों पर इस तरह का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया।



यहां सीसीएल कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। एसपी ने उपस्थित कर्मियों को कहा कि खुद हीं मतदान करना है और आस पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। यहां एसपी ने उपस्थित कर्मियों से मतदान के लिए शपथ भी दिलवाई। इस क्रम में सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी, सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह, सार्जेन्ट मेजर राजेश रंजन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर प्रसाद, सीसीएल के पदाधिकारी अनिल पासवान, एन के सिंह, शम्मी कपूर, आर पी यादव, श्रवण कुमार, राज्यवर्धन समेत कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## रोटरी गिरिडीह द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की 6 युवतियों को दिया गया सिलाई मशीन



संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह की ओर से शुक्रवार को शहर के रोटरी आई हॉस्पिटल भवन में संचालित सहेली सेंटर में ग्रामीण क्षेत्र से आई 6 लड़कियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। उक्त लड़कियों का सहेली प्रोजेक्ट के तहत चयन किया गया था।

मौके पर रोटरी के पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी गिरिडीह द्वारा संचालित सहेली सिलाई सेंटर में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आस पास के ग्रामीण इलाके से चयनीत 6 लड़कियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया है। ताकि वे घर पर हीं सिलाई का काम कर आत्मनिर्भर बन सकें।

सिलाई मशीन वितरण के दौरान सहेली प्रोजेक्ट के चैयरमेन प्रकाश दत्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष तरवे, सचिव अशीष तरवे, तरणजीत सिंह, सिद्धार्थ जैन, राजेश जालान, डाम आजाद, मीडिया प्रभारी विकास बसईवाला उपस्थित थे।

# लोस चुनाव की तैयारी को लेकर बेरमो सीओ ने पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक

संवाददाता

**बेरमो।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को राम रतन उच्च विद्यालय ढोरी में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के उपलक्ष्य पर 25 मई को मतदान की सुलभ, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए प्रखंड व फुसरो नगर के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार (शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र) के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए पीडीएस दुकान में पेयजल, नींबू पानी आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ हीं वोटरों को वोट देने हेतु प्रोत्साहित करने, मतदान कर्मी को होने वाली असुविधा को दूर करने हेतु आवश्यक कार्य करने के लिए सभी जन वितरण विक्रेता को नजदीकी बूथों में प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी डीलर को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। दिव्यांग एवं 85 वर्ष के उपर वाले वोटर को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने



के लिए सभी डीलरों को निर्देश दिया गया। सभी डीलरों को वोटिंग के दिन आवश्यक व्यवस्था में सहयोग करने का भी निर्देश दिया गया। साथ हीं डीलरों के बीच चुनाव से संबंधित मार्ग दर्शिका का वितरण किया गया।

**थाना प्रभारियों के साथ की बैठक**

बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने अंचल कार्यालय में प्रखंड के अंतर्गत सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान चुनाव के दिन विधि व्यवस्था संधारण, फोर्स के डिपलोयमेंट, फोर्स का ठहराव, उनके रहने खाने की व्यवस्था, उनके परिवहन की व्यवस्था आदि विषय पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिश निर्देश दिया। मौके पर बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार, गांधीनगर थाना प्रभारी, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी एवं मकोली ओपी प्रभारी मौजूद थे।

**मै भी हूं, इलेक्शन एमबेस्डर अभियान को लेकर की बैठक**

बेरमो सीओ श्री सिंह ने अंचल कार्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आगमी सात मई की संध्या सोशल मीडिया पर हैसटेग मैं भी हूं इलेक्शन एमबेस्डर अभियान चलाने को लेकर जेएसएलपीएस के पीपीएम, नोडल पदाधिकारी, फुसरो नगर परिषद के प्रतिनिधि, अंचल निरीक्षक सहित संबंधित कर्मियों के साथ बैठक की।

### सरकारी आदेश की अवहेलना, केजी से 8 वीं तक के कक्षा का संचालन जारी

# संत एथोंनी मध्य विद्यालय तिलकमारन और ब्रिलिएंट पब्लिक हाई स्कूल गोलगो में पठन-पाठन जारी

संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखण्ड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रचण्ड गर्मी और लू से छात्रों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए केजी से 8 वीं तक की कक्षाएं अगले आदेश तक बंद करने का आदेश जारी किया गया है।।लेकिन सरकार के इस आदेश की अवहेलना कर कुछ निजी व सहायता प्राप्त विद्यालय मनमानी करने से भी परहेज नहीं कर रहें हैं। जी हाँ मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत के संत एथोंनी मध्य विद्यालय तिलकीमारन और बेलवाना पंचायत के ब्रिलियंट पब्लिक हाई स्कूल गोलगो का है। इन दोनों विद्यालयों में सरकारी आदेश को ठेंगा दिखलाकर इस प्रचण्ड गर्मी में भी कक्षा 8 वीं तक के बच्चों का पठन पाठन जारी रखा गया है।।शुक्रवार की सुबह



स्थानीय मिडियाकर्मी ने यूनिफॉर्म और बस्ते के साथ मनसाडीह मुख्य सड़क से गुजर रहे दर्जनों बच्चों को देखा। बच्चों से पूछने पर बताया कि वे सभी संत एथोंनी मध्य विद्यालय ( मिशन ) तिलकमारन जा रहें हैं। उनमें से कोई कक्षा 2, 3 या कक्षा 5 के छात्र थे।

कक्षा 2 की छात्रा संगीता कुमारी ने बताया कि 10 बजे तक विद्यालय में पठन - पाठन का कार्य होता है। वहीं 5 वीं कक्षा की छात्रा मैरी हेमब्रम ने बताया कि उनलोगों को छुटी नहीं मिली है,प्रतिदिन 7 से 10 बजे तक विद्यालय चलता है। इस संबंध में जब संत एथोंनी मध्य विद्यालय के प्राचार्य जेम्स से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभिभावकों के दबाव में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मिडियाकर्मियों को संचालित कक्षा का फुटेज लेने से रोक दिया। साथ हीं कैमरे के सामने खुद भी कुछ बोलने से इंकार कर दिया। वहीं गोलगो के ब्रिलिएंट पब्लिक हाई स्कूल में भी 8 वीं तक के बच्चों का पठन - पाठन जारी रहा।

के प्राचार्य रंजन कुमार सिंह ने बताया कि कोचिंग की तरह विद्यालय में पठन - पाठन करवाया जा रहा है। उन्होंने 8:30 बजे यह कहा कि विद्यालय में 8 बजे छुटी हो जाती है। वहीं इस विद्यालय में पढ़ने वाले 5 वीं कक्षा के छात्र के अभिभावक मो.गुलाम जिलानी ने बताया कि उनका पुत्र रोजाना सुबह विद्यालय जाता है और 10 बजे विद्यालय में छुटी होने पर वह वापस घर आता है। विदित हो कि अत्यधिक गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा 30 अप्रैल से राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी,गैर सरकारी,सहायता प्राप्त,गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) व सभी निजी विद्यालय में केजी से आठवीं तक की कक्षाएं अगले आदेश तक स्थगित की गई है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इन विद्यालयों के संचालक या तो मनमौजी हैं या सरकारी आदेश को चैलेंज कर रहे हैं। वहीं इस संबंध में तिसरी के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि सभी सरकारी व यू डाइस कोड प्राप्त विद्यालयों को विभाग द्वारा जारी आदेश की सूचना दी गई है। इसके बावजूद भी यदि कोई आदेश का उल्लंघन कर विद्यालय संचालित करते हैं तो वे अपनी मनमानी कर रहें हैं।

# लोकसभा चुनाव पर सिंदरी की जनता की सोच, किन मुद्दों पर करेगी मतदान

रतन कुमार अग्रवाल

**सिन्दरी।** देश की कोयला राजधानी और काले हीरे का गढ धनबाद हमेशा से राजनीति का केंद्र रहा है। आर्थिक रूप से समृद्ध और राजनीतिक विवादों को काफी हद तक जगह देने वाला धनबाद अपने अनोखे काले सोने के रंग के लिए जाना जाता है। धनबाद झारखंड राज्य का एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और चौबीस जिलों में से एक जिला है। धनबाद जिले का प्रशासनिक मुख्यालय भी है। क्षेत्र में व्यापक कोयला खनन उद्योग के कारण धनबाद को भारत की कोयला राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। धनबाद इस क्षेत्र के सबसे पुराने और सबसे बड़े बाजारों में से एक है और यह बड़े पैमाने के उद्योगों का केंद्र भी है।

यह कोयला खानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए जाना जाता है।झारखंड के कोयलांचल नगरी के नाम से मशहूर जिला धनबाद अपनी प्राकृतिक खनिज संपदा के लिए पूरे देश में जाना जाता है। यहां कोयले की ढेर सारी खानें हैं। इससे सटा बोकारो जो इसी धनबाद लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा



है। वहां बोकारो स्टील सिटी पूरी दुनिया में अपनी पहचान रखती है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत कुल छह विधानसभाएं आती हैं। इसमें बोकारो में बीजेपी से बिरंची नारायण, चंदनकियारी में बीजेपी से अमर कुमार बाउरी, सिंदरी में बीजेपी से इंद्रजीत महतो, निरसा विधानसभा में बीजेपी से अपर्ण सेनगुप्ता, धनबाद में बीजेपी से राज सिन्हा और एक मात्र सीट झरिया में कांग्रेस से पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक हैं। धनबाद लोकसभा क्षेत्र से अब तक कुल 8 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। जिसमें मंगलवार 30 अप्रैल को एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो, 1 मई बुधवार को मजदूर दिवस के दिन इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह, मार्क्सवादी समन्वय समिति के प्रत्याशी जगदीश रवानी एवं निर्दलीयों ने नामांकन किया है। झारखंड के धनबाद लोकसभा चुनाव 25 मई 2024 को है। सभी प्रत्याशियों के द्वारा घुआघर जनसम्पर्क किया जा रहा है। किसको जीत हासिल होगी यह मतदाताओं पर नजर टिकी हुई है। आज मतदाताओं से रू बू रू होकर संवाददाता के द्वारा जानकारी हासिल की गई।

# चिरकुंडा के सुभाष नगर कचड़ा गोदाम में लगी भीषण आग

संवाददाता

**एग्यारकुंड।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के नेहरू रोड स्थित सुभाष नगर में शुक्रवार की संध्या कचरे के गोदाम इन्डज्योति फाईनटेक प्राईवेट लिमिटेड नामक गोदाम में कचड़े में भीषण आग पकड़ने की वजह से ऊंची धुएं का अंबार उठने लगा और शहर में चारों तरफ धुंआ धुंआ फैल गया और अपरा तफरी मच गई। चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिंह को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचे व भीषण आग को देखते हुए उन्होने फौरन दमकल विभाग को सूचित किया।

सूचना मिलने पर एसीडीपीओ रजत मनीक बाखला भी पहुंचे।मैथन वि पंचेत से दो दमकल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।



जानकारी हो कि संध्या करीब 4 बजे के आसपास अचानक शहर में लंबा धुंआ का गुब्बारा उठने लगा और दूर से ही यह गुब्बारा नजर आने लगा इसको देखकर लोग गुब्बारे की तरफ दौड़े तो देखा कि कचरे गोदाम में कचरे की ढेर में आग पकड़ ली है और आग बहुत तेजी से फैल रही है वहीं पर अमन सिंह का कॉरपोरेट ऑफिस भी कचरा गोदाम के ही कैंपस में स्थित था जहां पर ऐसी आदि भी लगा हुआ था तो लोग पानी से आग को बुझाने का कार्य करने लगे इसी बीच दमकल की दो गाड़ी पहुंची वह आग पर काबू पाया। लेकिन दमकल पहुंचने से आग पर कुछ ही क्षण में नियंत्रण पा लिया गया।

आग कैसे लगी अभी तक सही रूप से पता नही चल पाया है।कचड़ा गोदाम में लगी आग से लाखों रू का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।चिरकुंडा नगर परिषद बने हुए 15 वर्ष हो गए पर चिरकुंडा नगर परिषद के पास अपना एक भी दमकल नहीं होने के वजह से दमकल पहुंचने में काफी विलंब हो जाता है जिसके कारण आग का दायरा फैल जाता है और चिरकुंडा नगर परिषद के पास सभी मशीनरिया है पर आग बुझाने वाला दमकल की व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई है।

## निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने लोस से भरा पर्चा

संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने शुक्रवार को पर्चा भरा। लक्ष्मी देवी अपने समर्थकों के साथ धनबाद समाहरणालय पहुंची और उपायुक्त के समक्ष पर्चा दाखिल किया। लक्ष्मी देवी पर्चा भरने के बाद अपने समर्थकों से मिली। लक्ष्मी देवी के समर्थकों ने फूल माला पहनाकर अग्रिम जीत की बधाई दी। लक्ष्मी देवी ने पत्रकारों से वार्ता की और धनबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लडने को लेकर अपनी बातो को रखा।



लक्ष्मी देवी ने मौके पर कहा कि धनबाद की जनता पिछले कई दशकों से आश्वासन की घुट्टी पी रहा है। भाजपा कांग्रेस जनता को झूठा आश्वासन देकर धनबाद वासियों का वोट तो पा लेता है। लेकिन जन सुविधा के नाम पर प्रतिनिधियों को सांप सूंघ जाता है। धनबाद में पानी बिजली स्वास्थ्य शिक्षा सड़क की समस्या विकराल रूप में है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

लक्ष्मी देवी ने कहा कि चुनाव में धनकुबेरों की कमी नहीं है। ये लोग चुनाव में पैसा बहा कर जनता का वोट तो पा लेते हैं। लेकिन जनता को दुबारा अपना शक्ल नही दिखाते। और यही वजह है कि धनबाद का विकास नहीं हुआ। राजस्व देने में धनबाद जोन अव्वल है लेकिन धनबाद से दिल्ली के लिए एक भी स्थाई ट्रेन नही मिला, हवाईअड्डा पर झूठ बोला गया। एम्स अस्पताल धनबाद के झोली से छीन लिया गया।

अस्पतालों में लूट मची हुई है। बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नही मिल रही है। युवाओं के हाथों में रोजगार देने के बजाय राजनीतिक लोग हथियार थमा रहे हैं। अपराधी बना रहे हैं। धनबाद में युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए सुरक्षा, बच्चों के लिए शिक्षा, सभी के लिए स्वास्थ्य के मूल मुद्दे की समस्या के समधन के लिए धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ रही हूं।

लक्ष्मी देवी ने कहा कि पहले भी चुनाव में जनता से आशीर्वाद मिला था और अपेक्षा करती हूं कि इस चुनाव में जनता अपना वोट देकर आशीर्वाद देगी। लक्ष्मी देवी ने धनबाद की राजनीति को लेकर कहा कि धनबाद में शोर था बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधेगा। बोलने वाले अब गौण हो गए। धनबाद की पटकथा लिखी जा चुकी है और मुझे पूरा विश्वास है कि जनता का वोट रूपी आशीर्वाद मुझे मिलेगा।

## कर्मचारियों को चश्मा के लिए भी रीइंबर्समेंट का आदेश जारी

**धनबाद।** हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह जनता मंजूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम के निर्देश पर कोयला भवन शाखा के सहायक सचिव कृपा शंकर सिंह के प्रयास से कर्मचारियों के लिए चश्मा के लिए भी रीइंबर्समेंट का आदेश जारी हो गया है। इसके तहत बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक एचओडीएस मुख्यालय चिकित्सा। परिचर्या नियमों के अंतर्गत चश्मे की प्रतिपूर्ति करनी है। नेत्र उपचार के तहत सभी प्रकार के नेत्र रोगों का उपचार पात्र कर्मचारियों और उनके पात्र परिवार के सदस्यों के लिए 3 साल में एक बार अपवर्तन की त्रुटियों के सुधार के लिए आंखों का परीक्षण और नेत्र कृत्रिम अंग के प्रावधान की अनुमति होगी।

## मासस चुनाव पूरे दम खम के साथ लड़ेगी : अरुप चटर्जी

संवाददाता

**धनबाद ।** मार्क्सवादी समन्वय समिति की एक बैठक अग्रसेन भवन, टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंद्रा पासवान ने की एवं संचालक सुभाष चटर्जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पुर्व विधायक अरूप चटर्जी, मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी, मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो उपस्थित थे। बैठक में सर्व समिति से धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विशाल आमसभा करने का निर्णय लिया गया। जिसमें 13 मई को कलियासोल, 15 मई को बरवड्डा, बड़ा जमुवा, 16 मई को चास एंव बोकारो, 17 मई को गोविंदपुर बाजार एवं निरसा, 18 मई को पुटकी, 19



मई को चंदनकियारी, 20 मई को नुनूडीह, झरिया, 21 मई को निरसा से चिरकुंडा रैली एवं आम सभा, 22 मई को बलियापुर में विशाल आम सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद लोकसभा से मासस पुरे दम खम के साथ चुनाव लड़ेगी।।भाजपा की जन विरोधी अर्थ नीति से जनता पूरी तरह से त्रस्त है। महंगाई और बेरोजगारी से सामाजिक संबंध के साथ-साथ परिवारिक संबंध भी दिन-ब-दिन टूटते जा रहे हैं। केवल जुमले से लोगों को भटकाने का कार्य किया जा रहा है।।मासस सत्ता में रहे या ना रहे। आम जानता की दुःख तकलीफों में हमेशा शामिल रहते हैं।।मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र के पिछले सांसद लंबे समय से सिर्फ जनता को गुमराह करते रहें है, अब नए प्रत्याशी जुमले के साथ-साथ युवाओं को भटकाने का हथकंडा अपना रहे हैं। धनबाद की जनता समझ चुकी है मासस हीं धनबाद का विकल्प है। बैठक में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, गणेश महतो, सारथी मंडल, राणा चटराज, नरेश पासवान, पूर्व मुखिया संतोष रवानी, विजय पासवान, रंजीत यादव, होरीलाल चौहान, भोला चौहान, धर्म बाउरी, लालमोहन महतो, चेतू महतो, दिलीप रवानी, रवि कड़वार, दिनेश महतो, देवाशीष पासवान, सुरेश सिंह, कृष्णा दा, जगदीश साव, देवाशीष पांडेय, अरविंद तिवारी, भीम महतो, शिवचरण महतो, राजेश बिरुआ, संजय पासवान, मोहन यादव, कुमार महतो, ललिता देवी, राकेश सिंह, चौधरी भुईया, अशोक पासवान, वेद प्रकाश सिंह आदि शामिल थे।

## शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

**धनबाद ।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिसके तहत आज बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत बीएलओ द्वारा 38-सिन्दरी विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न बुथों के मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका वितरण करते हुए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ हीं बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत जगदीश पंचायत में सखी मंडल की दीदियों द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली एवं रंगोली के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

### डीसीएलआर ने की मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक

## जीरो एरर चुनाव संपन्न कराने के लिए बनाई रणनीति

संवाददाता

**धनबाद ।** प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर जीरो एरर चुनाव संपन्न करने के लिए रणनीति बनाई। डीसीएलआर ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले मतदान दलों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पूर्व आज एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की गई। जिसमें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए सभी मतदान दलों को डमी मैटेरियल



उपलब्ध कराकर उसमें इंट्री करवाने के साथ साथ अन्य अभ्यास करवाने, ईवीएम व वीवीपैट पर पुनः हैंड्स ऑन करवाने पर जोर दिया गया।।निर्वाचन की प्रक्रिया में कोई चूक न हो इसलिए प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों का टेस्ट भी लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में मास्टर ट्रेनरों की शंकाओं का समाधान किया गया। मौके प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार व राज कुमार वर्मा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर हीट वेव से बचने की दी सलाह

संवाददाता

**धनबाद ।** राज्य में बढ़ती गर्मी और लहर से बचने के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। अगले दो दिनों में राज्य के कई जिलों में हीट वेव का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है । इसमें विशेष कर सरायकेला खरसावां पश्चिमी सिंहभूम पूर्वी सिंहभूम , बोकारो धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गुड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले शामिल हैं। इन जिलों में अगले दो दिनों तक तेज गर्म हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने जानलेवा हीट वेव को देखते हुए लोगों को दोपहर 11:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक धूप में न जाने की सलाह दी है। इसके अलावे पर्याप्त पानी



पीने की भी सलाह दी गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी विशेष बुलेटिन में बताया गया है कि लोग हल्के रंग के ढीले और छिद्र युक्त सूती कपड़े पहने। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मा, छाता टोपी व जूते चप्पल का प्रयोग करें । यात्रा के दौरान अपने साथ पानी अवश्य रखें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन सहित शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय से परहेज करने की सलाह दी गई है। बुजुर्ग बच्चे, बीमार व गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अलावे डफ्र घोल, लस्सी तौरानी, नींबू पानी छाछ।आदि का उपयोग करने की सलाह दी गई है, ताकि भीषण गर्मी में शरीर हाइड्रेटेड करने में मदद मिले। मौसम विभाग ने पालतू जानवरों के भी रखरखाव को लेकर दिशा निर्देश जारी किया है।

### बिजली विभाग के महाप्रबंधक से मुलाकात कर मेमोरेंडम दिया

**धनबाद ।** शुक्रवार को हरिमंदिर चिरागोडा चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में पिछ्ले कई दिनों से हिरापुर के कई क्षेत्रों में बिजली की लचर व्यवस्था से त्रस्त होकर बिजली विभाग के महाप्रबंधक से मुलाकात कर मेमोरेंडम दिया गया। चैम्बर्स के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि इतनी प्रचंड गर्मी में पिछले 15 दिनो से लगातार रात्री के 11 बजे से 3 बजे सुबह तक हिरापूर के हरिमंदिर, चिरागोडा, माडा कालोनी, अजन्ता पाडा, विनोद नगर आदी क्षेत्र में बिजली काट दी जाती है। जिससे जब सोने का समय होता है उसी वक्त लाईट चले जाने से कोई भी लोग ठीक से सो नही पाते हैं।

### इंडी गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कही

# सबसे बड़ा पुरस्कार जनता का प्यार

संवाददाता

**धनबाद।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का सघन जनसंपर्क अभियान लोहांचल स्थित अपने आवासीय कार्यालय बोकारो विधानसभा से प्रारंभ होकर जनता दरबार में आए हुए असहाय गरीब मजदूर के साथ कार्यकताओं के साथ समाजसेवियों के साथ गणमान्य व्यक्तियों के साथ विस्तारित रूप से एक-एक जनता से मिलकर उनके समस्याओं को सुनकर लोगों का स्नेह सहयोग और समर्थन देखकर अनुपमा सिंह ने कहा की निश्चित रूप से यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो आप लोगों की अपेक्षाओं पर खरी उतरेंगे बोकारो विधानसभा अंतर्गत चास जैक हैप्पीनेस में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी सदस्यों के साथ बैठक हुई साथ ही साथ अधिवक्ताओं ने देश में व्याप्त न्यायपालिका में केंद्र में बैठी भाजपा की तानाशाही सरकार के हस्तक्षेप कुठाराघात संविधान एवं लोकतंत्र के खतरे जैसे अहम मुद्दे पर चर्चा की साथ ही साथ कानूनविदो ने देश में कांग्रेस राज में बेहतर कानूनी



सेवाओं एवं सुविधाओं पर विश्वास जताया तथा सबों ने धनबाद लोकसभा इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने का भरोसा दिलाया धनबाद प्रखंड के पुटकी सियालगुदरी स्थित दुर्गा मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान सियाल गुदरी की मुखिया ममता चौधरी धनबाद के पूर्व प्रमुख भानु प्रताप एवं प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार पासवान के अलावा बड़ी संख्या में वहां के गणमान्य जनता उपस्थित थे, जनसंपर्क करते हुए चारघर चौक पहुंची।

जहां क्षेत्रीय लोगों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन एवं महागठबंधन के समर्थन में अपना उत्साह दिखाया यहां की जनता ने बताया कि भाजपा शासन काल में झूठे जुमले वादे कर-के हम लोगों को ठगा गया कांग्रेस का कार्यकाल अच्छा था आज तो इतनी महंगाई है कि घर का सारा बजट ही बिगड़ गया है लेकिन झारखंड में गठबंधन की सरकार के द्वारा आपकी सेवा आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत हम लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब जाकर मिलना शुरू हुआ निश्चित रूप में हम आप महिला प्रत्याशी को ही वोट करेंगे क्योंकि महिला ही चूल्हे से लेकर घर के बजट को ईमानदारी पूर्वक चलाती है हर दर्द को समझती है जनसंपर्क भ्रमण करते हुए स्वर्गीय अशोक सिंह चौधरी स्वर्गीय संजय सिंह चौधरी के निवास में जाकर शोकाकुल परिवार से मिलकर दुख की इस घड़ी में ढांढस बधाया अभियान के क्रम में भृगनाथ सिंह चौधरी से मिलकर विचार विमर्श किया इंदिरा आवास कॉलोनी में जाकर लोगों के समस्याओं को देखा मोदी सरकार की भ्रष्ट नीतियों जिन्होंने वादा किया था कि 2022 तक हर गरीब परिवार को आवास दिया जाएगा लेकिन आज भी वे टूटे-फूटे कच्चे आवासों में रहने में मजबूर हैं रोजगार नहीं है महिलाएं घर में बैठी रहती हैं अनुपमा सिंह ने कहा कि आप महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें ताकि आपके सपने को सरकार कर सकें कांग्रेस जो कहती है वह करती है प्रत्येक वर्ष घर की एक महिला को साढे आठ हजार रुपए प्रत्येक महीने दिए जाएंगे अगर कांग्रेस की सरकार केंद्र में आएगी विवेकानंद नगर न्यू कॉलोनी नियोगी मोहल्ला पुलिस लाइन डोमपाड़ा कार्मिक नगर न्यू मुरली नगर कृष्णा नगर सेंट्रल हॉस्पिटल के पीछे का क्षेत्र कुसुम विहार चांदमारी कोलियरी कंटाघर के पास यादव टोला में जनसभा को संबोधित करते हुए राखी कहां की मोदी सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार अत्याचार हिंसा को रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सशक्तिकरण को पुख्ता करने के लिए एवं धनबाद की ज्वलंत समस्याओं को निराकरण करने के लिए आपकी बेटी आपकी बहन जन सेवा का संकल्प लेकर आपके बीच आई हूं भाजपा सरकार का चाल चरित्र चेहरा आपने देखा कि किस प्रकार से एक अपराधिक छवि वाले व्यक्ति को जिनके ऊपर अर्धशतक मुकदमे दर्ज है जिसने अपने विधानसभा क्षेत्र में गरीब असहाय लोगो की जमीने हड़प ली पीड़ित परिवार एवं वहा की जनता के द्वारा अर्धनग्न होकर धरना प्रदर्शन करते रहे न्याय की गुहार करते रहे अपनी काली कमाई का धौस दिखाकर लोगों का भया दोहन कर रहा है।

### निर्दलीय प्रत्याशी थर्ड जेंडर सुनैना सिंह पूरे गाजे बाजे के साथ नामांकन करने पहुंची

## ऐसा पहली बार हुआ है कि झारखंड में थर्ड जेंडर प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में खड़ी हुई है

संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सुनैना सिंह किन्नर ने शुक्रवार को पर्चा भरा। अपने समर्थकों के साथ धनबाद समाहरणालय पहुंची और उपायुक्त के समक्ष पर्चा दाखिल किया। पर्चा भरने के बाद अपने समर्थकों से मिली। समर्थकों ने फूल माला पहनाकर अग्रिम जीत की बधाई दी। सुनैना सिंह ने पत्रकारों से वार्ता की और धनबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लडने को लेकर अपनी बातो को रखा।



उन्होंने मौके पर कहा कि धनबाद की जनता पिछले कई दशकों से आश्वासन की घुट्टी पी रही है। भाजपा और कांग्रेस जनता को झूठा आश्वासन देकर धनबाद वासियों का वोट तो पा लेते हैं। लेकिन जन सुविधा के नाम पर प्रतिनिधियों को सांप सूंघ जाता है। धनबाद में पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा व सड़क की समस्या विकराल रूप में है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सुनैना सिंह ने कहा कि चुनाव में धनकुबेरों की कमी नहीं है। ये लोग चुनाव में पैसा बहा कर जनता का वोट तो पा लेते हैं। लेकिन जनता को दुबारा अपना शक्ल नही दिखाते। और यही वजह है कि धनबाद का विकास नहीं हुआ। राजस्व देने में धनबाद जोन अव्वल है लेकिन धनबाद से दिल्ली के लिए एक भी स्थाई ट्रेन नही मिला, एम्स अस्पताल धनबाद में नहीं लाया गया। अस्पतालों में लूट मची हुई है। बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नही मिल रही है। और खास करके ग्रामीण क्षेत्रों में घर की बिटिया और बच्चों को तो शिक्षा से एकदम अनजान रखा गया है। युवाओं के हाथों में रोजगार देने के बजाय राजनीतिक लोग हथियार थमा रहे हैं। अपराधी बना रहे हैं। धनबाद में युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए सुरक्षा, बच्चों के लिए शिक्षा, सभी के लिए स्वास्थ्य के मूल मुद्दे की समस्या के समाधान के लिए धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ रही हूं। सुनैना सिंह ने कहा कि धनबाद की बेटी हूं और धनबाद वासियों का पूरा सहयोग मिलेगा, पूरा आशीर्वाद मिलेगा और अपेक्षा करती हूं कि इस चुनाव में जनता अपना वोट देकर आशीर्वाद देगी।

## सुभाषितम्

**हथोड़ा कभी कभी अपना निशाना चूक भी जाता है; लेकिन फूलों का गुलदस्ता कभी नहीं। - अज्ञात**

## हिन्दू विवाह पर स्वागतयोग्य फैसला

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें। प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था।

## चिंतन-मनन

### संत की उदारता

**संत बेनजोई के पास कई बालक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। वह अपने सभी शिष्यों की शिक्षा पूर्ण करने के बाद ही उन्हें वहां से जाने की अनुमति देते थे। वह उद्दंड व शरारती शिष्यों को भी आज्ञाकारी और संस्कारी बनाकर ही दम लेते थे। एक बार उनके आश्रम में बहुत ही शरारती और बदतमीज लड़का आया। एक दिन वह चोरी करते हुए पकड़ा गया। बेनजोई ने उसे चोरी की बुराइयों से अवगत कराया और क्षमा कर दिया, लेकिन वह लड़का इतना बिगड़ैल था कि उस पर बेनजोई की शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने दोबारा चोरी की और एक शिष्य को बेवजह पीट दिया। यह शिकायत बेनजोई तक पहुंची तो उन्होंने उसे फिर बुलाकर प्रेम से समझाया और एक बार फिर क्षमा कर दिया। यह देखकर आश्रम के अन्य शिष्य आगबबूला हो गए। शाम की प्रार्थना के समय सभी शिष्य एकजुट होकर बोले, गुरुजी, यह बार-बार चोरी करता रहेगा, हमें पीटता रहेगा और आप उसे क्षमा करते रहेंगे। यह कैसा न्याय है? यदि आप इसे आश्रम से नहीं निकाल सकते तो हम सभी यह आश्रम छोड़कर चले जाते हैं।**

**इस पर बेनजोई विनम्रता से बोले, मैंने माना कि तुम सब अच्छे हो, संस्कारी हो। कभी किसी कुसंग में न रहने के कारण दुष्कर्मों से दूर हो। यह अबोध किशोर अपने दुर्व्यसनी पिता और भाइयों द्वारा ठुकराया हुआ है। इसे मैं सुधारने, संस्कारित करने के उद्देश्य से यहां लेकर आया हूं। मुझे यह भी मालूम है कि तुम यदि इस आश्रम से चले गए तो अन्य किसी शिक्षक से शिक्षा प्राप्त कर सकते हो, किंतु इस बिगड़ैल लड़के को कौन अपने यहां रखेगा? इसे सुधरने का मौका कैसे मिलेगा? वह किशोर भी यह सब सुन रहा था। उसकी आंखें भर आईं। वह उनसे क्षमा मांगते हुए बोला, गुरुजी, मुझे माफ कर दीजिए। फिर कभी आपको शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। उसने अन्य शिष्यों से भी माफी मांगी।**

## आज का राशिफल

**मेष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृष :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कर्क :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**कन्या :** व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृश्चिक :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कुंभ :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मीन :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें।

# अमन की फिजा में कश्मीर की आवाम करेगी मतदान



आर.के. सिन्हा

श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवानों के ही झुंड के झुंड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चर्चाएं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था।

साल 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की घोषणा की थी। तबसे कश्मीरी हिन्दुओं में एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्यधारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग पहुंचे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने के लिए काम कर रही है। राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं।

ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था, लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था। उप राज्यपाल ने दिल्ली सरकार के कश्मीरी प्रवासी कार्डों में नाम जोड़ने को भी मंजूरी दे दी थी। इससे प्रवासियों के बड़े और विवाहित बच्चों को अपने स्वयं के कश्मीरी प्रवासी कार्ड प्राप्त करने और एएमआर के लिए पात्र बनने की अनुमति मिल गई।

उग्रवाद के दौरान विस्थापित हुए कश्मीरी परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए सरकार 1989-90 में एडहॉक मंथली रीलिफ (एएमआर) शुरू की थी। 16 साल बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में रह रहे कश्मीर लोगों के लिए इसको बढ़ाकर कश्मीरियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। इससे पहले 2007 में सरकार ने एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। राहत पाने वालों की संख्या भी इस बीच काफी बढ़ी है। शुरू में जितने कश्मीरी परिवार दिल्ली में थे, अब तो उसमें काफी इजाफा हो गया है।

राजधानी के जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत राजधानी के तमाम विश्वविद्यालयों और कालेजों में बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। काफी लोग विभिन्न सरकारी सेवाओं की प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। सिविल सर्विस से लेकर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में काफी कश्मीरी युवक-युवतियां नौकरी भी कर रहे हैं। बड़ी संख्या में घाटी के युवक और युवतियां यहां अपना खुद का व्यवसाय कर रहे है। दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली से सटे दूसरे शहरों में भी कश्मीर से विस्थापित बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। राजधानी में रह रहे कश्मीरी समुदाय का मानना है कि वर्षों बाद उनमें एक उम्मीद की किरण जगी है। घाटी से विस्थापन के बाद कश्मीरी दंपतियों के दिल्ली में जन्म लेने वाले बच्चे भी अब बड़े हो गए हैं। वे भी अब अपने पूर्वजों की जगह कश्मीर को जाकर देखना चाहते हैं।

इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशिष्ट शक्ति (विशेष शक्तियां) अधिनियम कानून (एएफएसपीए) को भी रद्द करने पर विचार कर रही है। सरकार केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रही है और कश्मीर की कानून व्यवस्था को अब पूरी तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा। सरकार भी मान रही है कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों का मूवमेंट कम हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि आतंकवाद में 80 फीसदी कमी आई है। पत्थरबाजी की घटनाएं तो पूरी तरह खत्म ही हो गई हैं । बंद, प्रदर्शन और हड़तालें भी नहीं हो रही हैं। गृहमंत्री ने कहा, 2010 में पथराव की 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हैं। 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थी और 2014-23 के दौरान यह घटकर 915 हो गई है। यह 68 प्रतिशत की कमी है। नागरिकों की मृत्यु 1770 थी और घटकर 341 हो गई है, जो 81 प्रतिशत की गिरावट है। सुरक्षा बलों की मौतें 1060 से घटकर 574 हो गईं, जो 46 प्रतिशत की कमी है।

मोदी सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल 12 संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। 36 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। टेरर फंडिंग को रोकने के लिए 22 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं और 150 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। 90 संपत्तियां भी कुर्क की गईं और 134 बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। एक बात बहुत साफ है कि सरकार देश विद्रोही ताकतों को कुचलने के लिए तैयार है और जो वार्ता करना चाहता है उसका सदैव स्वागत भी है। हां, उसे वार्ता संविधान के दायरे में आकर करनी होगी। बातचीत की प्रक्रिया में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों का कोई स्थान नहीं है। कहना न होगा कि अब देश बदला-बदला सा जम्मू-कश्मीर देख रहा है।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# योग...100 दिन, 100 शहर और 100 संगठन

**मुकुंद**

देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। दो मई को भव्य उत्सव 'योग महोत्सव' के दौरान सूरत योग के आनंद से ओत-प्रोत रहा। सूरत के अठवालाइंस के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस भव्य आयोजन में सात हजार से अधिक लोग सुबह 7.00 बजे से सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अभ्यास में शामिल हुए। इनके उत्साह और सक्रिय जुड़ाव ने व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने इस महोत्सव की व्यापक चर्चा की है।

इस आयोजन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल, नई दिल्ली के अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र और बेंगलुरु स्थित अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र (योग विज्ञान) के निदेशक प्रो.अविनाश चंद्र पाण्डेय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक वैद्य डॉ. काशीनाथ समागंडी शामिल हुए। इन विभूतियों की उपस्थिति ने इस अवसर को काफी महत्वपूर्ण बनाया। यह योग को बढ़ावा देने, व्यक्तियों व समुदायों के लिए समान रूप से कल्याण के लिए साझा समर्पण को प्रदर्शित करता है। इस सहभागिता ने योग के अभ्यास के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

वैद्य राजेश कोटेचा ने संबोधन में इस बात को रेखांकित किया कि सूरत ने देश के विकास में अपना अद्भुत योगदान दिया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है। कोटेचा ने सूरत के शांत वातावरण के बीच 'योग महोत्सव' के लिए लोगों की उपस्थिति को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रतिभागियों की अनुशासित उपस्थिति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि योग ने विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा है और आईडीवाई-2023 के तहत पूरे विश्व में 23.5 करोड़ से अधिक लोगों ने योग किया। इस वर्ष यह भागीदारी निश्चित रूप से काफी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आईडीवाई- 2024 की 25वीं उलटी गिनती के अवसर पर बोधगया में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साल 2015 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई थी, जब संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिवस शारीरिक व मानसिक कल्याण, दोनों के लिए योग का अभ्यास करने के कई लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और विभिन्न संस्कृतियों व समाजों में इसकी सार्वभौमिक अपील को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। साल 2015 में शुरूआत के बाद से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे विश्व में विभिन्न कार्यक्रमों, संगष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करना है। उन्होंने कहा कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने हजारों कुशल योग गुरु तैयार करके देश में योग के परिदृश्य को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक डॉ. काशीनाथ समागंडी ने योग के सार्वभौमिक अभ्यास को बढ़ावा देने में इसके महत्व का उल्लेख किया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस- 2024 (आईडीवाई-2024) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आयोजित योग महोत्सव की भूमिका को रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का यह 10वां संस्करण स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने वाले इस वैश्विक आंदोलन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दिखाता है।

इस कार्यक्रम के तहत सामान्य योग प्रोटोकॉल का सीधा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में 5,000 से अधिक योग उत्सुक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से सामान्य योग प्रोटोकॉल में उल्लिखित निर्धारित योग अभ्यासों में शामिल हुए। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, गुजरात योग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और कई अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति से समृद्ध हुआ। इसके अलावा योग गुरुओं के संदेशों ने कार्यक्रम को उत्कृष्टता प्रदान की। इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के साथ मिलकर आयुष मंत्रालय '100 दिन, 100 शहर और 100 संगठन' अभियान के तहत सामूहिक योग प्रदर्शनों और सत्रों की शृंखला की शुरूआत की है।

पिछले साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क से संदेश जारी कर देश को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की अपील पर 180 देशों का योग को लेकर साथ आना, ऐतिहासिक है। योग ने हमें एकजुट किया। योग एक स्वस्थ और शक्तिशाली समाज का निर्माण करता है जहां सामूहिक ऊर्जा बहुत अधिक होती है। योग एक विचार था, जिसे आज दुनियाभर ने अपनाया है। आज योग ग्लोबिल स्पिरट बन गया है। योग ने हमेशा से जोड़ने का काम किया है। हमारे आदर्श हों, भारत का दर्शन हो या दृष्टि हो हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परंपरा को पोषित किया है। हमने नए विचारों का स्वागत किया है। उन्हें संरक्षण दिया है। हमने विविधताओं को समृद्ध किया है। उन्हें सेलिब्रेट किया है। ऐसी हर संभावना को योग प्रबल से प्रबलतम करता है। योग हमारी अंतदृष्टि को विस्तार देता है। योग हमें उस चेतना से जोड़ता है, जो हमें एकता का अहसास कराता है। हमें योग के जरिए हमारे अंतर्विरोधों को खत्म करना है। हमें योग के जरिए विरोधों और प्रतिरोधों को खत्म करना है। हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को विश्व के सामने उदाहरण के रूप में पेश करना है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं। )**

# ग्लोबल वार्मिंग, संभलने की वार्निंग

**उमाशंकर पाण्डेय**

मनुष्य का जल-जंगल-जमीन से रिश्ता आदिकाल से है। बिना इनके जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज सबसे बड़ा संकट ग्लोबल वार्मिंग का है। इससे सारी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग ने कई तरह की दुश्वारियां पैदा की हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने (ग्लोबल वार्मिंग) और उसकी वजह से होने वाला जलवायु परिवर्तन आज प्रकृति की तबाही की सबसे महत्वपूर्ण कारक है। पृथ्वी के औसत तापमान में बढ़ोतरी या ग्लोबल वार्मिंग मुख्यतः कार्बन उत्सर्जन की तेजी से बढ़ती दर और कम होते जंगलों का परिणाम है। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में इस साल चली भयंकर लू का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग ही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग नहीं रुकी तो शताब्दी के आखिर तक पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 2 डिग्री बढ़ जाएगा और इससे लू की तीव्रता और नियमितता 30 गुना बढ़ जाएगी। दैनिक अनुभव से भी हम यह जानते हैं कि सिर्फ तपती गर्मी या लू से उतनी तकलीफ नहीं होती जितनी तकलीफ गर्मी और उमस के एकसाथ होने से होती है। ग्लोबल वार्मिंग से हवा का तापमान बढ़ता है और गर्म हवा ठंडी हवा के मुकाबले ज्यादा वायुमंडल की नमी वहन करती है।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण जहां प्रति वर्ष लू की स्थिति अधिक दिनों तक और ज्यादा तीव्रता के साथ लोगों को अपनी जद में ले रही है। दूसरी ओर हर साल शीत लहर का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। 1980 से 2018 के बीच शीत लहर के कारण हुई मौतें लू से हुई मौतों से ज्यादा थीं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2020 में शीतलहर से 152 लोगों की मौत हुई। जनवरी 2021 में उत्तर भारत के हर राज्य में औसत मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम था। वैज्ञानिकों के अनुसार शीत लहर की बढ़ती अवधि और तीव्रता का मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग और विशेष तौर पर आर्कटिक इलाके का ऊष्मीकरण है। अबतक यह एक स्थापित तथ्य माना जाता था कि आर्कटिक वृत्त पृथ्वी के बाकी हिस्सों के मुकाबले दोगुनी तेजी से गर्म होता है। लेकिन पिछले साल नासा से जुड़े कुछ वैज्ञानिकों के नए शोध के अनुसार आर्कटिक वृत्त असल में दोगुनी नहीं बल्कि चौगुनी तेजी से गर्म हो रहा है। लांसेट स्वास्थ्य जर्नल में 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार भारत में असामान्य तापमान के कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। इनमें से 6.5 लाख लोगों की मौत असामान्य ठंडे तापमान और औसतन 80 हजार लोगों की मौत असामान्य गर्म तापमान के कारण होती है। असामान्य तापमान के कारण मरने वाले लोग आमतौर पर समाज के निचले तबके से आते हैं।

लू और शीतलहर के अलावा ग्लोबल वार्मिंग के कारण एक और भयानक प्रक्रिया घटित हो रही है। यह प्रक्रिया है हिमनदियों और ध्रुवीय हिमच्छदों (पोलर आइस कैप्स) का तेजी से पिघलना और औसत समुद्र तल (मीन सी लेवल) का लगातार बढ़ना। अगले कुछ दशकों में शंघाई, हॉन्ग कॉन्ग, ओसाका, रिओ, एम्स्टर्डम, अलेक्सान्द्रिया जैसे दुनियाभर के कई तटवर्ती शहरों के बड़े हिस्सों के जलमग्न हो जाने की आशंका है। मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टनम, कोच्चि, तिरुवनन्तपुरम आदि शहरों के कुछ इलाके 2050 तक जलमग्न हो सकते हैं। समुद्र स्तर के बढ़ने से आने वाली बाढ़ के कारण समंदर का खारा पानी जमीन के अंदर रिसकर चला जाएगा। इससे भूमिगत जल भी खारा बन जाएगा। इससे स्वच्छ पानी की उपलब्धता भयंकर विकराल रूप ले लेगी, क्योंकि आज ही मीठे पानी की समस्या गम्भीर समस्या बन चुकी है। तब क्या होगा इसकी कल्पना से कलेजा फटने को हो जाता है। पेयजल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है। भूमिगत जलस्तर के लवणीकरण के कारण तटीय इलाकों में कृषि उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

एक बदलाव यह भी हुआ है कि पहले मानसून के दौरान कुल बारिश जितनी होती थी उसकी तुलना में आज काफी कम होती जा रही है। बाढ़ की नियमितता और तीव्रता बढ़ती जा रही है। अचानक से कुछ दिनों के लिए मूसलाधार बारिश होती है तो बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। एक-दो सप्ताह में ही इन इलाकों में सूखे की स्थिति बाढ़ की स्थिति में तब्दील हो जाती है। सूखे और बाढ़ का लगभग साथ-साथ होना और अनियमित बारिश ग्लोबल वार्मिंग और बदलती जलवायु का ही परिणाम है। देश में 2011 से 2020 के बीच हर साल औसतन 1500 लोग बाढ़ में काल कलवित हो हुए हैं।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण महासागरों की सतह के तापमान में बढ़ोतरी और वायुमंडल में मौजूद जल वाष्प (वाटर वेपर) का अनुपात दोगुना होने से दुनियाभर में चक्रवात और तूफान पहले से अधिक नियमित तौर पर आने लगे हैं। इनकी तीव्रता में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। भारत आज भयंकर रूप से सूखा ग्रस्त देशों की श्रेणी में शामिल है। 2020 से 2022 के बीच देश का दो-तिहाई हिस्सा सूखे की चपेट में था। देश के एक तिहाई जिले पिछले एक दशक में चार बार सूखा झेल चुके हैं। भारत में प्रति वर्ष पांच करोड़ लोग सूखे से प्रभावित हो रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

**04 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मेष में |
| चंद्र | कुंभ में |
| मंगल | मीन में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 06.04 बजे से |
| मिथुन | 08.02 बजे से |
| कर्क | 10.16 बजे से |
| सिंह | 12.32 बजे से |
| कन्या | 14.44 बजे से |
| तुला | 16.54 बजे से |
| वृश्चिक | 19.09 ब.से |
| धनु | 21.25 बजे से |
| मकर | 23.30 बजे से |
| कुंभ | 01.17 बजे से |
| मीन | 02.50 बजे से |
| मेष | 04.20 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 125 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 20.39 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 22.07 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 11.03 बजे को समाप्त। **करण** बव 10.04 बजे तदनन्तर बालव 20.39 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 16°03'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871969
**जूलियन दिन** 2460434.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 24
**विशेष** वरुथिनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | |
|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक |

| रात का चौघड़िया | |
|---|---|
| लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# माइक्रो आब्जर्वर करेंगे निर्धारित मतदान प्रक्रिया का सूक्ष्म प्रेक्षण: रेम्या मोहन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में दो सौ छत्तीस सूक्ष्म प्रेक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया।

जेनरल आब्जर्वर रेम्या मोहन ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण की पूरी अवधि में मौजूद रहते हुए सूक्ष्म प्रेक्षकों को कई निर्देश व सुझाव दिए। कहा कि सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान दल का हिस्सा नहीं होते हैं। वे संबंधित मतदान केन्द्र पर मतदान दल द्वारा चुनाव आयोग के निर्धारित मानदंडों को अपनाये जाने का प्रेक्षण करेंगे तथा विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग करेंगे। उन्होंने सूक्ष्म प्रेक्षकों से संवाद कर जारी प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की।



प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने गाइडलाइन के अनुरूप प्रशिक्षण का सफल संयोजन किया। वहीं हेरिटेज स्कूल में 520 पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन स्वयं प्रशिक्षण स्थल पर पहुंच कर आदेश दिया कि मतदान दल के सभी पदाधिकारी परस्पर समन्वय बनाकर टीम भावना से काम करें। कोई भी त्रुटि अक्षम्य है। इसलिए प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें।

जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र नारायण, प्रधान सहायक रामलखन राम, अजित कुमार व सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण को अनुसमर्थन प्रदान किया।

एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा व जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दुगार्नंद झा सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया।

मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार पाठक, रामप्रवेश शर्मा, अमरेन्द्र नारायण, सुमंत तिवारी, सुनील कुमार उपाध्याय, संजय सिंह, नीरज कुमार पाण्डेय, सतीश कुमार सिन्हा, विनोद दीक्षित, मनोज कुमार द्विवेदी, आलोक कुमार, सरोज कुमार आजाद, गोविन्द प्रसाद, संजय कुमार पाण्डेय, निरंजन कुमार दूबे, माणिक गोपाल दास, देवेश कुमार पाण्डेय ने सूक्ष्म प्रेक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

## हुसैनाबाद में भाजपा के कार्यालय का शुभारंभ

संवाददाता

**हुसैनाबाद/ पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य मार्ग के खादी भंडार के निकट विश्वकर्मा भवन में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ हुआ। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विष्णु दयाल राम के कार्यालय का शुभारंभ प्रभारी अविनाश वर्मा, संयोजक विनोद सिंह, सहसंयोजक रविंद्र कुमार सिंह, अशोक सिंह सहित अन्य अतिथियों ने पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया।

प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय हुसैनाबाद में खोला गया है। इस पार्टी कार्यालय से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। वही संयोजक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय सभी कार्यकताओं की बैठक, प्रचार सहित अन्य गतिविधियों की रूपरेखा के साथ अन्य कार्यक्रमों की गतिविधियों को बल मिलेगा।



चुनाव के सहसंयोजक रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी चुनाव के लिए पार्टी कार्यालय की भूमिका अहम होती है, इस कार्यालय के खुल जाने से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को सहयोग मिलेगा। पार्टी कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामप्रवेश सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता सांसद, प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण अग्रवाल, युवा मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, सुबोध कश्यप सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एक नजर

## डडिला गांव के खलिहान में लगा आग, तीन सौ गेहूं की बोझा जलकर हुई राख



**हुसैनाबाद /पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत डंडिला गांव के बथान पर स्थान पर किसान के खलिहान व एक घर मे आग लग गयी, जिसमे खलिहान में रखे तीन किसानों के करीब 300 बोझा का पुआल जल गया, वही एक किसान के मिट्टी के कपरैल घर मे रखे गेंहू के भूसा सहित अन्य सामान जल कर खाक हो गया, जिससे हजारो का संपती का नुकसान हो गया। बताया जाता है कि दोपहर में ललन बैठा, लक्ष्मण बैठा व लाला बैठा के खलिहान में अचानक आग लग गया था जिसके बाद ग्रामीणों ने काफी मस्कत कर आग को बुझाया तब तक सारा जल कर खत्म हो गया था, आग लगने का मुख्य कारण का पता नही चला है, वही जिनका नुकसान हुआ है वह किसान परेशान है मवेशियों के रखे सारा चारा जल गया।

## छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता

**हुसैनाबाद /पलामू।** प्रखंड के पतरा खूर्द पंचायत में शहीद धीरज यादव युथ क्लब एवं अपना पंचायत - पतरा खूर्द समुह के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह - 2024 का आयोजन किया गया जिसमें जैक मैट्रिक परीक्षा - 2024 के परिणामफल में पतरा खुर्द ग्राम पंचायत के टेन टॉप विद्यार्थियों को पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं अपग्रेडेड हाई स्कूल के परिवार द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और महापुरुष की जीवनी देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा में सफल पंचायत टॉपर सह स्कूल टॉपर संचिता कुमारी (92.4) प्रथम, संदीप कुमार शर्मा (89.0%) द्वितीय, आयुष कुमार यादव (88.6%) तृतीय, नजिया प्रवीण (88.0%) चतुर्थ, शशिकांत यादव (87.8%) पंचम, आकाश यादव (86.6%) षष्टम, राहुल कुमार (86.4%) सप्तम, विकाश कुमार यादव (86.4%) अष्टम, छोटी कुमारी ( 85.6) नवम और चंचल कुमारी (85.4%) दसम स्थान प्राप्त किया जो पुरस्कार पाकर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। वही आयोजनकताओं ने अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों को भी कवि विनोद सागर द्वारा संपादित अरण्य वाणी मासिक पत्रिका और अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित महापुरुष की जीवनी स्वागत और भेंट के रूप में प्रदान किया।



मुख्य अतिथि हुसैनाबाद दक्षिणी क्षेत्र के पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में उमंग, जोश और जुनून की भाव भावना सकारात्मक रूप से संचारित होता है। शिक्षा की ओर और झुकाव होता है और शिक्षा शेरनी का दूध होता है जो जितना पीता है उतना ही दहाड़ता है।

विशिष्ट अतिथि पतरा खुर्द पंचायत के मुखिया आंचल देवी ने कही कि इक्कीसवीं सदी, नारी की सदी है और हर चीज में कहा जाता हैं कि लेडीज फर्स्ट, आज पंचायत टॉपर भी पहला स्थान एक लड़की ने ही प्राप्त की है। अन्य अतिथि अपग्रेडेड हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापिका मालपिका ने कही कि इस तरह का आयोजन पहली बार अपने विद्यालय में देख रही हूं।

पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार पासवान ने कहा कि दोनों क्लब के सदस्यों को जितना भी सराहाना किया जाये उतना ही कम है। मुझे गर्व है कि मैं भी क्लब के संरक्षक सदस्य हूं। शहीद धीरज यादव युथ क्लब के अध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने कहा कि हमारी क्लब इस तरह के आयोजन करते रहेगा और अपने क्षेत्र में शहीद धीरज भाई की जीवन की संघर्ष की कथा युवा पीढ़ी को बताते रहेगा।

## आईएसी जिला टॉपर अमित को समाजसेवी दीपक ने किया सम्मानित

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** प्रखंड के पंचायत दारूडीह के ग्राम बनुवा निवासी सत्येंद्र मेहता के सुपुत्र अमित कुमार मेहता ने आईएसी की परीक्षा में कुल 477अंक लाकर झारखंड में चौथा स्थान एवं पलामू जिला में प्रथम स्थान लाकर अपने क्षेत्र में अपने पंचायत, अपने गांव का मान सम्मान बढ़ाया है। इस मौके पर समाजसेवी सह पंचायत समिति सदस्य पति दीपक गिरी ने उनके घर जाकर अमित कुमार मेहता को सम्मानित किया। तथा आगे किसी तरह के मामले में मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि हम ऐसे हर बच्चे को हम हर संभव मदद करेंगे जो अपने मेहनत से गांव समाज का नाम रोशन करना चाहेंगे। अमित कुमार मेहता बहुत मेहनती छात्र हैं और उन्हें मेहनत का फल मिला। वही मौके पर अमित कुमार मेहता के पिता सत्येंद्र मेहता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुआ यह जानकर कि मेरा पुत्र जिला में प्रथम स्थान लाया है मैं एक छोटा किसान हूं।

## हरिहरगंज में राजद के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू )।** मेन रोड़ न्यू बस स्टैंड के समीप राजकुमार गुप्ता के मकान में शुक्रवार को राजद के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव तथा महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां की मौजूदगी में कार्यालय प्रभारी बुधन सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है।

राजद ही सभी जाति धर्म के लोगों को साथ लेकर क्षेत्र का विकास कर सकती है। इसके साथ ही कार्यकताओं के साथ प्रत्याशी ममता भुईयां ने क्षेत्र के दर्जनाधिक गांवों का दौरा कर राजद के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर राजद प्रदेश महासचिव रवि यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, कमलेश कुमार यादव, विकास यादव, आनंद यदुवंशी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, दीपक यादव पिपरा जिप सदस्य ददन पासवान, मुखिया जितेंद्र पासवान, विनय सिंह, उमा यादव, उपेंद्र सिंह, मनोज सिंह, सूरज यादव, रंजीत पासवान, लखन यादव, नीतू कुमारी, रामप्रसाद भुइयां, संजय यादव, सुनील भुईयां, सत्येंद्र यादव, मथुरा रजक, अशोक यादव, शिवपूजन मेहता, संजय मेहता, अवधेश यादव सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लचर बिजली आपूर्ति से आक्रोशित उपभोक्ता पहुंचे बिजली कार्यालय, तालाबंदी की दी चेतावनी

संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड में लचर विद्युत आपूर्ति को लेकर विद्युत उपभोक्ता का एक शिष्ट मंडल समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में गुरुवार को छतरपुर विद्युत कार्यालय पहुंचकर विद्युत कनीय अभियंता गुणवंत कुमार से बात कर हरिहरगंज प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र में लचर विद्युत आपूर्ति पर नाराजगी जताई। जानकारी देते हुए राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड क्षेत्र में लचर विद्युत आपूर्ति से विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं।



विभाग की लापरवाही के कारण हरिहरगंज बिजली पावर सबस्टेशन को नहीं के बराबर बिजली आपूर्ति की जाती है। महीनो से हरिहरगंज पावर सबस्टेशन को मात्र 4- 6 घंटा ही बिजली आपूर्ति की जाती है। बिजली विभाग हरिहरगंज उपभोक्ताओं से सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहां की बगल के प्रखंड तथा क्रेशर प्लांट को 20- 22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। बताया कि जल्द ही बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो छतरपुर विद्युत कार्यालय में तालाबंदी कर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

कहां की विभाग द्वारा आए दिन 33 हजार में फॉल्ट बताकर हरिहरगंज में बिजली आपूर्ति ठप कर दी जाती है। पड रहे भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। किसान की खेती सूख रही है, छात्रों को पढ़ाई में कठिनाई हो रही है, व्यवसायीक लोग को व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। जानकारी के बावजूद विभाग के अधिकारी व कर्मी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्रेशर प्लांट से मोटी रकम रिश्वत लेकर हरिहरगंज बिजली का कटौती कर क्रेशर प्लांट को दिया जा रहा है। मौके पर विश्वदीप कुमार, संजय जयसवाल, विकास विश्वकर्मा, बिनु जायसवाल, विनोद पासवान, विजय प्रजापति, मुन्ना यादव, अवधेश मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, टिंकू कुमार सहित कई बिजली उपभोक्ता उपस्थित थे।

## वरुणा पंप मेकेनिकमीट का आयोजन

**हुसैनाबाद/ पलामू।** शहर के जेपी चौक स्थित आलोक मार्केट में वरुणा पंप एंड इलेक्ट्रिक मीट का आयोजन किया गया। जिसमें हुसैनाबाद के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के 100 से अधिक मैकेनिक ने भाग लिया। इस सेमिनार में वरुणा कंपनी के शाखा प्रबंधक हरिकांत कुमार, एरिया मैनेजर अजय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से सेमिनार में उपस्थित मैकेनिक को वरुणा पंप के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। बताया कि वरुणा पंप और इलेक्ट्रिक सन 1935 से देश की सेवा करते आ रही है। अपनी गुणवत्ता व प्रोडक्ट की उपलब्धता से यह कंपनी निरंतर आगे बढ़ती जा रही है, यह कंपनी देश के अलावा 75 अन्य देशों में भी अपने प्रोडक्शन का निर्यात कर रही है। इस सेमिनार में मुख्य रूप से प्रोडक्ट के मुख्य वितरक आलोक केसरी ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्राहकों को सरल रूप से बेहतर सेवा प्रदान करना है।

## पलामू में माओवादी का मिला बंकर नक्सलियों को पनाह देने वाली महिला गिरफ्तार

संवाददाता

**पलामू।** नक्सलियों द्वारा लोकसभा चुनाव बहिष्कार से संबंधित पोस्टर लगाये जाने के बाद पुलिस की ओर से की गयी कार्रवाई में शुक्रवार को माओवादियों का बंकर बरामद किया गया। मौके से विस्फोटक समेत कई सामान बरामद किए गए। इस सिलसिले में माओवादी नक्सलियों को पनाह देने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा हरही के इलाके में की गयी है। बुधवार की रात जिले के हुसैनाबाद-हैदरनगर, पांडू और मोहम्मदगंज में नक्सलियों के द्वारा लोस चुनाव का विरोध करते हुए पोस्टरबाजी की गयी थी। मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई की गयी। सर्च अभियान के दौरान घाघरा इलाके में पुलिस को एक बंकर मिला। बंकर से माओवादियों का पिठू बैग, 200 ग्राम बारूद, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, सोलर प्लेट, नक्सली जैकेट, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली बैट्री समेत कई सामान बरामद किए गए।



दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि 15 लाख के इनामी नीतीश यादव की हुसैनाबाद इलाके में गतिविधि है। सूचना के आलोक में कार्रवाई करने पर सफलता मिली। घाघरा के हरही में अखिलेश यादव के घर के पास बंकर मिला। मौके से अखिलेश यादव की पत्नी अंजू देवी (40वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। अखिलेश यादव की पत्नी पर माओवादी जोनल कमांडर नीतीश यादव का संरक्षण देने का आरोप है।

**पलामू में लोकसभा चुनाव बहिष्कार की पोस्टरबाजी में 15 लाख के इनामी माओवादी समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज**

लोकसभा चुनाव बहिष्कार को लेकर चार थाना क्षेत्रों में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की पोस्टरबाजी के मामले में 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी नितेश यादव, संजय गोदाराम, सीताराम रजवार समेत कई अन्य के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की रात भाकपा माओवादियों ने पलामू जिले के हैदरनगर, हुसैनाबाद मोहम्मदगंज एवं पांडू थाना क्षेत्र में पोस्टर चिपकाए थे। पोस्टर में वोट बहिष्कार समेत कई बातें लिखी थीं। पुलिस ने पोस्टर जब्त कर लिए आगे की कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है।

एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को बताया कि माओवादी नितेश यादव, संजय गोदाराम समेत कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नितेश यादव बिहार के गया का रहने वाला है जबकि संजय गोदाराम पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जब्त किए गए सभी पोस्टर एक ही हैंडराइटिंग में हैं।

## पौधरोपण से धरती मां व पिंड पानी से मृतक की आत्मा को मिलेगी शांति: अमित

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के हेसला गांव निवासी स्व जगदीश पासवान के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उनकी आत्मा के शांति के लिए उनके परिजनों के साथ जायफल का पौधा लगाकर कार्यक्रम को न सिर्फ यादगार बनाया बल्कि श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम में शामिल परिजनों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र की शपथ भी दिलाई।



वहीं पर्यावरणविद व जिला पार्षद अमित ने छतरपुर के ही मनहु गांव में जाकर नरेश रजक के साथ दुख दर्द बांटते हुए उन्हें ढाढस बंधाया। उनके पुत्र निशांत कुमार रजक की मौत 26 अप्रैल को कुंआ में गिरने से हो गयी थी।

पर्यावरणविद श्री कौशल ने कहा कि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ व मानवी भूलों के कारण धरती से डायनासोर सहित कई जीव समाप्त हो गए। वहीं कई समाप्ति के कगार पर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केवल भारतवर्ष में 1372 प्रजाति के पौधे असुरक्षित और अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीवों की 37 फीसदी प्रजातियां और पानी में रहने वाले जीवो की 47 फीसदी प्रजातियां और 1147 प्रकार के मछलियों की प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है।

यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन तेजी हो रहा हैं। जिससे कई तरह के प्राकृतिक आपदा दुनिया भर में हो रहे हैं। कहीं भीषण गर्मी तो, कहीं ग्लेशियर का अप्रत्याशित पिघलना। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर चीन, दुबई, ओमान और इंग्लैंड में गर्मी के दिनों में भी हुई भारी बारिश से जहां जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं कई जगहों पर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ये सारी तबाहियां जलवायु परिवर्तन के ही दुष्परिणाम के कारण हो रहे है।

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया भर में हो रहे प्राकृतिक आपदा को रोकना है तो दुनिया भर के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रो को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। क्योंकि पौधरोपण के अलावे इससे बचने के लिए दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

क्योंकि पर्यावरण बचाने के लिए धरती के 33 प्रतिशत भूमि सघन वन चाहिए पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि केवल सेजिया दान से नहीं बल्कि पौधा दान से भी मृतक की आत्मा की शांति मिलती है।मौके पर स्व जगदीश पासवान के धर्मपत्नी फूल कुंवर, पुत्र अनिल पासवान, सुशील पासवान, सुनील पासवान, सुधीर पासवान डाली बाजार पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिन पांडेय, डॉ आया राम, बसंत विश्वकर्मा, विंध्याचल पासवान, अजय पासवान, प्रदीप पासवान, लक्ष्मण पासवान, अरविंद पासवान, परशुराम पासवान, बैजनाथ पासवान, परमानंद पासवान, उपस्थित थे।

## 10 पल्स टू उच्च विद्यालय नावा बाजार के 30 छात्रों ने अपेयरल परीक्षा में उत्तीर्ण हुए

**नावा बाजार।** व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अपेयरल विषय के छात्रों ने 10 + 2 उच्च विद्यालय नावा बाजार के परीक्षा परिणाम में सफल हुए। अपेयरल विषय में कुल 30 छात्रों ने प्रथम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक स्वामी प्रसाद ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा शहनाज खातून एवं व्यवसायिक समन्वयक धीरज कुमार उपाध्याय के सहयोग से सभी विद्यालय के छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं तथा व्यावसायिक शिक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं की रुझान बढ़ा है जिसमें दुर्गेश कुमार ने 92.80% प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं कशिश परवीन 87%, रिचा गुप्ता 86. 20% प्राप्त कर तृतीय स्थान उत्तीर्ण हुए हैं।

## सेवानिवृत्त एसआई को दी गई भावपूर्ण विदाई



संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** स्थानीय थाना कार्यालय में गुरुवार को सेवानिवृत्त एसआई लालबहादुर हरिजन को भावपूर्ण विदाई दी गई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने सेवानिवृत्त अधिकारी को बुके, अंगवस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर हरिजन सरल स्वभाव के साथ अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक करने वाले अधिकारी थे। इनका सेवा काल अनुकरणीय है। इस दौरान उन्होंने उनके सुखद भविष्य की शुभकामनाऐं दी। इनके अलावा अन्य अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त अधिकारी की प्रशंसा करते हुए मंगल कामना की। विदाई समारोह में एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, विगेश कुमार राय, सोनू कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, धनंजय गोप, अविनाश कुमार, नंदलाल साहनी, रंजीत कुमार सिंह, सुधांशु शेखर झा, एएसआइ संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार दास, कंप्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार रजक आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### जिला कोषागार पदाधिकारी गिरफ्तार



**किशनगंज।** शराब के नशे में जिला कोषागार पदाधिकारी नरेंद्र कुमार गिरफ्तार हो गए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने जिला कोषागार पदाधिकारी के सुभाषपल्ली स्थित आवास पर छापेमारी कर उन्हें हिरासत में लेकर उत्पाद थाना ले आए, जहां पर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच में शराब पीने की पुष्टि होते ही जिला कोषागार पदाधिकारी नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार की देर शाम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं, उत्पाद विभाग द्वारा आम शराबियों की गिरफ्तारी होने पर हथकड़ी लगाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है लेकिन उत्पाद विभाग द्वारा ट्रेजरी ऑफिसर की गिरफ्तारी के बाद भीआईपी टीट देते नजर आए। ट्रेजरी ऑफिसर को न तो हथकड़ी लगाया गया था। वहीं, न्यायालय लाने के दौरान डुमरिया ओवर ब्रिज के पास भवन निर्माण विभाग कार्यालय के एक चेंबर में उन्हें बैठाया गया था।

### मिथुन कुमार ने लिया पदभार

**भागलपुर।** भागलपुर के नए जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार ने शुक्रवार को जिला परिषद कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार को डीडीसी कुमार अनुराग ने पदभार ग्रहण कराया। कुछ महीने पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष टुनटुन साह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। 22 अप्रैल को भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी के समक्ष मतदान हुआ जिसमें मिथुन कुमार विजय घोषित हुए। इसके बाद आज जिला परिषद कार्यालय में लगभग सभी जिला परिषद सदस्यों के साथ अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार ने कहा कि अब विकास कार्यों में तेजी आएगी और विकास की गंगा बहेगी। इस मौके पर जयप्रकाश मंडल, सहित कई जिला परिषद सदस्य व कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवक की मौत

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के काशीचक थाने के बोझवा गांव के निकट शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने देखा कि दो युवक सड़क के किनारे खून से लथपथ गिरा पड़ा है। इसके बाद पुलिस को खबर की गई। पुलिस ने दोनों युवकों को सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रौंद दिया गया है। जिससे दोनों युवक की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना के बाद उनके परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान गोंदा गांव निवासी बासो चौहान के 25 वर्षीय पुत्र गुड्डू चौहान और जगदीश चौहान के 26 वर्षीय पुत्र ललन चौहान के रूप में किया गया है।

### ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**अलीपुरद्वार।** फालाकाटा थाने की पुलिस ने साढ़े तीन करोड़ रुपये की ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम नीलकमल राय (32) है। फालाकाटा थाने की पुलिस ने नगरपालिका के वार्ड नंबर-12 के दुलाल दुकान इलाके में गुरुवार रात अभियान चलाकर आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित करोड़ों के ब्राउन शुगर को स्कूटी में छिपाकर रखा था। फालाकाटा पुलिस थाने के आईसी समित तालुकदार ने कहा कि गुप्त सुचना मिलने के बाद दुलाल दुकान इलाके में अभियान चलाकर एक स्कूटी चालक को पकड़ा गया। इसके बाद उसके स्कूटी से तीन किलो छह ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य साढ़े तीन करोड़ रुपये है। युवक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### विवादों के बीच राज्यपाल ने छोड़ा शहर

**कोलकाता।** राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगा है। सूत्रों के मुताबिक राजभवन के एक अस्थायी कर्मचारी ने गुरुवार को यह शिकायत की। राज्यपाल ने आरोपों से इनकार किया। इस विवाद के बीच राज्यपाल सीवी आनंद बोस शुक्रवार को कोलकाता से चले गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजभवन से निकलते ही राज्यपाल कोलकाता से चले गए। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल कोच्चि गए हैं। राजभवन के सूत्रों के मुताबिक, उनका यह दौरा पहले से तय था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को बंगाल में तीन जनसभाएं। मोदी की बर्दवान, कृष्णानगर, बोलपुर में सभाएं की । प्रधानमंत्री गुरुवार रात को कोलकाता आये थे। वह रात में राजभवन में रुके थे। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे वह राजभवन से बर्दवान के लिए निकले। फिर करीब 10:35 बजे राज्यपाल सीवी आनंद बोस को राजभवन से बाहर निकलते देखा गया। पता चला कि वह कोच्चि के लिए निकल गये हैं।

### लोकसभा में तृणमूल को कितनी सीटें मिलेंगी? मोदी ने कांग्रेस-लेफ्ट की भी भविष्यवाणी की

# यह चुनाव देश का चुनाव है: मोदी

**"तृणमूल पूरे देश में 15 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। तो मुझे बताओ, क्या वे 15 सीटों के साथ सरकार बना सकते हैं?**



संवाददाता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'महुआगढ़' के नाम से मशहूर कृष्णानगर में चुनाव प्रचार के दौरान लोकसभा में तृणमूल (टीएमसी) और कांग्रेस (कांग्रेस) की सीटों की संख्या की भविष्यवाणी की। उन्होंने दावा किया कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल को पूरे देश में 15 सीटें भी नहीं मिलेंगी, भले ही वह पिछली बार 20 का आंकड़ा भी पार कर जाए। इतना ही नहीं देश के प्रधानमंत्री भी तीखे कटाक्ष कर कांग्रेस और लेफ्ट की सीटों की सीमा सीमित करते दिखे।
शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने कहा, "यह चुनाव देश का चुनाव है। देश की सरकार बनाने के लिए चुनाव। परिणामस्वरूप, आपको यह तय करना होगा कि यहां सरकार में किसे स्थापित किया जाना चाहिए। फिर मोदी ने तृणमूल पर कटाक्ष करते हुए कहा, "तृणमूल पूरे देश में 15 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। तो मुझे बताओ, क्या वे 15 सीटों के साथ सरकार बना सकते हैं?
फिर उन्होंने इस लिस्ट में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, "कांग्रेस पूरे देश में अपनी ताकत दिखा भी दे तो भी हाफ सेंचुरी नहीं बना पाएगी।" तो फिर जिसे 50 सीटें भी नहीं मिल रही हैं, क्या वह सरकार बना पाएगा?' तो क्या वे सरकार बना सकते हैं? इस चुनाव में, यह स्पष्ट है कि अगर कोई सरकार बना सकता है, तो वह भाजपा और एनडीए है।
इसके बाद लोकसभा में सरकार बनाने का भरोसा मोदी के मुंह से उतर गया। उन्होंने कहा, 'हम सरकार बना रहे हैं। लेकिन बहस अब यहां तक पहुंच गई है कि एनडीए 400 पार कर पाएगा या नहीं! हममें से एक पक्ष कह रहा है कि यह 400 से कम हो सकता है, और दूसरा पक्ष कह रहा है कि यह 400 से अधिक होगा। फिर मोदी के व्यंग्य ने इंडिया गठबंधन का मुद्दा उठाया, ₹दूसरी ओर, 'इंडिया' गठबंधन का तर्क है चल रहा है तो विपक्ष के तौर पर सबसे बड़ी पार्टी कौन होगी?ह्व इसके लिए वे चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने लोगों से अपील की, "मोदी को सबसे ज्यादा सीटें चाहिए ताकि देश की सभी संसदीय सीटों पर सबसे ज्यादा विकास हो।"
प्रधानमंत्री ने आज के प्रचार अभियान में तृणमूल पर हमला बोलते हुए एक बार फिर संदेशखाली का सवाल उठाया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा, "दंगाइयों की सरकार तृणमूल की है ।" उनकी ज़िम्मेदारी क्या है अदालत उन्हें हर दिन याद दिलाती है? क्योंकि वे एक भी काम संविधान के मुताबिक नहीं करते। संदेशखाली में जो हुआ वो आप सभी ने देखा है। तृणमूल नेताओं को पहले से ही पता था कि वहां क्या चल रहा है। वहां भारी हथियार और बम मिले। क्या वहां लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी हथियार पाए गए हैं?' और प्रधानमंत्री का सवाल, 'क्या तृणमूल अपराधी को बचाने की बेतहाशा कोशिश कर रही है क्योंकि उसका नाम शाहजहां है?

## लोक लुभावन वादों के साथ जनता को रिझाने की तेजस्वी प्रसाद की कोशिश



एजेंसी

**अररिया।** विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की धरती अररिया के सिमराहा मध्य विद्यालय मैदान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर प्रहार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश में दस साल से और बिहार में पंद्रह सालों से भाजपा की सरकार है लेकिन वे मुद्दे की बात नहीं करते हैं। जबकि वह सिमराहा की धरती पर मुद्दे की बात करने आए हैं। आज देश का दुश्मन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी है। जिससे जनता जूझ रही है। उन्होंने कहा कि 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने लाखों नौकरियां दी। विकास मित्र, टोला सेवक, तालिमी मरकज,और शिक्षामित्र के मानदेय को दुगना करने का काम किया। जाति आधारित जनगणना के साथ-साथ आईटी पॉलिसी, स्पोर्ट्स पॉलिसी और टूरिज्म पॉलिसी डेवलप करने का काम किया। निवेशकों को बुलाकर बिहार में निवेश करवा रहे थे। और जब हम लोग यह काम कर रहे थे और नौकरी दे रहे थे तो भाजपा वालों ने उनके चाचाजी को हाईजैक कर लिया। लेकिन वह उनकी इज्जत करते हैं। चाचाजी बुजुर्ग और अभिभावक हैं। उन्होंने कहा कि 17 माह के कार्यकाल में उन्होंने पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का काम किया। तीन लाख युवाओं के रोजगार की प्रक्रिया अंतिम रूप में थी और सरकारी नौकरी देने वाले थे। लेकिन ऐन वक्त पर भाजपा वालों ने मुख्यमंत्री को हाईजैक कर लिया और सरकार से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनी तो 15 अगस्त तक एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे। गरीब बहनों को प्रत्येक साल एक लाख रुपये दिया जायेगा। मौके पर राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम, राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव,कांग्रेस जिलाध्यक्ष जाकिर अनवर बैराग,अविनाश आनंद,सुरेश पासवान,कमरुज्जमा समेत बड़ी संख्या में राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।मौके पर तेजस्वी प्रसाद को फणीश्वरनाथ रेणु की तस्वीर भेंट की गई।

## सीखने के विकारों से ग्रस्त बच्चों को बचाने के लिए स्कूलों में जागरूकता की पहल



संवाददाता

**कोलकाता।** कई लोगों को फिल्म 'तारे जमीन पर' का डिस्लेक्सिक छोटा लड़का ईशान याद है। लेकिन डिस्लेक्सिया के अलावा, दुनिया भर में बच्चे और युवा छात्र ऐसे विभिन्न 'संचार विकारों' से पीड़ित हैं, जिन्हें कई बार बाहर से समझा नहीं जा सकता है। परिणामस्वरूप, बच्चा पाँच सामान्य लड़के-लड़कियों की तरह बड़ा नहीं हो पाता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 15 साल से कम उम्र के लगभग 34 मिलियन बच्चों को सुनने की समस्या है। कई लोगों का दिमाग शब्दों या वाक्यों को ठीक से संसाधित नहीं कर पाता है। उसके कारण, विभिन्न प्रकार के 'सीखने के विकार', आवाज की समस्याएं, हकलाना, उच्चारण और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। लेकिन यदि किसी विशेषज्ञ की सलाह से बच्चे का सही समय पर या ठीक से इलाज किया जा सके, तो ज्यादातर मामलों में इस समस्या को खत्म करना संभव है, ऐसा वाणी एवं श्रवण विशेषज्ञों के अनुसार संभव है। आईसीसीआरए, कोलकाता में '21वीं सदी के स्कूल शिक्षण' विषय पर एक सेमिनार में विशेषज्ञों ने बच्चों और छात्रों की इन समस्याओं पर प्रकाश डाला। कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में भाषण और श्रवण विशेषज्ञ या भाषण रोगविज्ञानी मोहम्मद शाहिदुल अरेफिन ने कहा कि दुनिया के विभिन्न विकसित देशों में, इस मामले पर अध्ययन और सर्वेक्षण से पता चला है कि प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में संचार विकार की दर 7.7% से 13% तक है। यानि कि लगभग हर 7 से 12 बच्चों में से एक इस समस्या से पीड़ित होता है। हालाँकि हमारे देश में वैज्ञानिक तौर पर ऐसा कोई सर्वेक्षण या शोध नहीं हुआ है, लेकिन उनका मानना है कि संख्या कम नहीं बल्कि थोड़ी ज्यादा है। अरेफिन ने कहा कि आम जनता को इस बात से अवगत कराना जरूरी है कि इन समस्याओं को थेरेपी या इलाज के जरिए ठीक किया जा सकता है. इसी तरह, स्कूल स्तर पर होने वाले पठन-पाठन या विशेष शिविरों में भी जांच की जानी चाहिए ।

## डीसी ने की चुनाव तैयारियों की बैठक



एजेंसी

**सहरसा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी बैभव चौधरी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर यथोचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में निर्वाचन प्रयोजनार्थ आकलन के अनुसार वाहन उपलब्धता की अधतन स्थिति, डिस्पैच सेन्टर पर की गयी तैयारी, प्रखंडवार मतदाता पर्ची वितरण एवं ए0एस0डी0 सूची प्राप्ति की अद्यतन स्थिति, मतदान दिवस के अवसर पर अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड स्तर पर मतदाता जागरूकता हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों आदि के संदर्भ में समीक्षा की गयी। लोकसभा आम निर्वाचन निमित आकलन के अनुसार वाहन उपलब्धता की प्रखंडवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम कुछ प्रखंडों में वाहन अधिग्रहन/जब्ती कार्य अपेक्षाकृत धीमा पाया गया है। तदनुसार ऐसे प्रखंडों को उक्त वर्णित कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर सामने आया कि अधिकांश सेक्टर पदाधिकारियों को वाहन उपलब्ध करा दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सेक्टर पदाधिकारी संबंधित भौगोलिक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को जिला अन्तर्गत तृतीय चरण में आगामी 07 मई को होने वाले मतदान के अवसर पर मताधिकार के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगें। उन्हें मतदान केन्द्रों पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं एवं जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष/निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने हेतु निरन्तर की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी देंगें ताकि अधिकाधिक मतदाता निर्भिक होकर मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकें। मतदाता पर्ची वितरण की अद्यतन स्थिति समीक्षा के क्रम में संबंधित प्रखंडो द्वारा अवगत कराया गया कि वितरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अतः संबंधित प्रखंडो को ए0एस0डी0 सूची अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मतदान दिवस के अवसर पर अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप कोषांग एवं अन्य विभागों के सहयोग एवं समन्वय से नियमित रूप से मतदाता जारूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### मादक पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** एसएसबी ने भारत-नेपाल सीमांत इलाके में अभियान चलाकर मादक पदार्थ (मार्फीन) के साथ तीन को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपितों के नाम रवीन्द्र बर्मन (26), लक्षीराम सोरेन (40) और सुजीत मंडल (35) है। शुक्रवार को एसीबी ने तीनों आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए खोरीबाड़ी थाने की पुलिस को सौंप दिया। सूत्रों के अनुसार, एसएसबी 41वीं बटालियन के जवानों ने भारत-नेपाल सीमांत इलाके के पानीटंकी स्थित एक रेस्टोरेंट में बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस दौरान एसीबी के जवानों ने रेस्टोरेंट से तीन संदिग्ध को पकड़ा। तीनों की तलाशी लेने पर उनके पास से 205 ग्राम मार्फीन बरामद हुआ। बाद में एसएसबी ने तीनों को आगे की कार्रवाई के लिए खोरीबाड़ी थाने की पुलिस को सौंप दिया। खोरीबाड़ी थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें हर जगह उनकी हार तय है : सम्राट चौधरी



एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी में नामांकन के अंतिम दिन अपने पत्ते खोल दिए। पार्टी ने रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। राहुल गांधी के सीट बदलने पर बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने तंज कसा है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले उनको डर था तो हम लोगों ने उनको मंदिर भिजवाया। अब पूरा गांधी परिवार परंपरागत सीट को भी छोड़कर भाग रहा है। इनका पूरा खानदान परंपरागत सीट छोड़कर भाग रहा है। यह लोग कहीं से चुनाव लड़ें हर जगह इनकी हार तय है। सम्राट ने कहा कि एक बात लिखकर रख लीजिए 2025 में जब नवंबर के महीने में विधानसभा का चुनाव होगा तो उससे पहले 10 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका होगा। विधानसभा चुनाव से पहले एक-एक व्यक्ति की सूची निकाल कर हम बताने का काम करेंगे कि नीतीश कुमार ने जो वादा किया था उसे किस हद तक पूरा किया है। यह हमारी गारंटी है। यह लालू का राज नहीं है कि 15 साल में एक भी लोगों को रोजगार नहीं मिला। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी किसी भी जगह से चुनाव लड़ें जनता का विश्वास उनके साथ नहीं है। वह डरे हुए हैं। इसलिए अब सीट छोड़ रहे हैं। राहुल गांधी में आत्मविश्वास नहीं है कि वह वायनाड से चुनाव जीतेंगे। अब रायबरेली में डर से आए हैं। राहुल गांधी पूरी तरह से रिजेक्ट हो चुके हैं। वह जहां से भी चुनाव लड़ेंगे उनका हार तय है।

### दवाइंडिया ने पूर्वी भारत में अपनी पहुंच का विस्तार किया

## जेनेरिक दवाओं की पहुंच और सामाजिक पहल के प्रति प्रतिबद्धता मजबूत की

**● पश्चिम बंगाल के हर घर में सस्ती उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं और कल्याण उत्पाद उपलब्ध हों**




संवाददाता

**कोलकाता।** दवाइंडिया , भारत की सबसे बड़ी निजी जेनेरिक फामेर्सी रिटेल श्रृंखला (जोटा हेल्थकेयर लिमिटेड का एक ब्रांड) सभी आबादी के लिए जेनेरिक दवाओं तक पहुंच बढ़ाने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है। दवाइंडिया ने सस्ती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराकर भारतीय स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में क्रांति ला दी है। 2017 में अपनी स्थापना के बाद से, दवाइंडिया जेनेरिक फामेर्सी ने पूरे भारत में 12 मिलियन से अधिक खुश ग्राहकों के साथ 900 से अधिक खुदरा दुकानें स्थापित की हैं, और तेजी से बढ़ रही है। पूर्वी भारत पर ध्यान केंद्रित करते हुए, दवाइंडिया ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा को कवर करते हुए प्रमुख विस्तार योजनाओं की घोषणा की। हमारे सीईओ कहते हैं,वर्तमान में, दवाइंडिया के पूरे पश्चिम बंगाल में 75+ आउटलेट हैं। एक संगठन के रूप में, हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि पश्चिम बंगाल के हर घर में सस्ती उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं और कल्याण उत्पाद उपलब्ध हों। हमारा प्रयास पश्चिम बंगाल के ग्रामीण इलाकों में पहुंच बनाना है और डीप पेनेट्रेशन प्रोग्राम के माध्यम से सभी के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करना है, जो 100 मिलियन लोगों के जीवन को आगे बढ़ाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ सुजीत पॉल - ग्रुप सीईओ, जोटा हेल्थकेयर; यह जेनेरिक दवाओं की प्रभावकारिता पर भी कुछ प्रकाश डालेगा और ब्रांडेड दवाओं के बारे में उनके बारे में गलत धारणाओं को दूर करेगा। डॉ. पॉल, व्यावसायिक प्रयासों से परे समाज के कल्याण में योगदान करने की हमारी जिम्मेदारी में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। इसलिए, कई अखिल भारतीय पहल और अभियान क्रियान्वित किए गए हैं; इसके अलावा पश्चिम बंगाल के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए कार्यक्रम जैसे परिवर्तन - साहित्य और जमीनी कार्यक्रमों की मदद से महिलाओं के स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करें और वंचित वर्गों को सैनिटरी पैड देना और भारतीय होने के नाते तर्कपूर्ण मतदान के महत्व की वकालत करना इंसानों से परे देखभाल। जोटा हेल्थकेयर लिमिटेड के ग्रुप सीईओ डॉ. सुजीत पॉल ने कहा, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है। हम स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच की बाधाओं को तोड़ने में विश्वास करते हैं ।

## राजभवन में एक और व्यक्ति को गलत इरादे से रखा गया है : गवर्नर



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने शुक्रवार को दावा किया कि कोलकाता स्थित राजभवन में एक और व्यक्ति को गलत इरादे से रखा गया है। राज्यपाल ने यह बात राजभवन की एक महिला कर्मचारी द्वारा एक स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराने के एक दिन बाद कही। महिला ने शिकायत में उन पर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया था। उन्होंने शुक्रवार को जारी ऑडियो संदेश में दावा किया, राजभवन को एक गोपनीय रिपोर्ट मिली है कि राजनीतिक ताकतों ने गलत इरादे से एक और व्यक्ति को राजभवन में बैठा दिया है। इसके अलावा यह भी दावा किया कि मामले का सत्यापन संबंधित एजेंसियां कर रही हैं और ये सिर्फ चुनावी हथकंडे हैं। उन्होंने संदेश में राजभवन के सामान्य कर्मचारियों से भी सतर्क रहने को कहा है। राज्यपाल ने कहा कि बुरे इरादों से उन्हें बदनाम करने का कोई भी प्रयास उन्हें भ्रष्टाचार को उजागर करने और हिंसा पर अंकुश लगाने के उनके दृढ़ प्रयास से नहीं रोक पाएगा। उन्होंने सच सामने आने का भरोसा जताते हुए कहा कि वह ऐसे झूठे आरोपों से नहीं डरते।

# ग्रिजली कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

संवाददाता

**झुमरी तलैया ।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गुमो चौक मुख्य मार्ग रांची पटना रोड एवं गूमो - 1 में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें आगामी 20 मई 2024 को होने वाली लोकतंत्र की महापर्व लोकसभा चुनाव से सम्बन्धित विविध जानकारियां साझा किए साथ ही एक एक वोट का महत्व को बताते हुए सभी को अपना मताधिकार का सही प्रयोग निर्भिक एवं प्रलोभन रहित होकर करने हेतु जागरुक किया गया। । कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम



पदाधिकारी सौरभ शर्मा एवं बी. एड. सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षु सुनील कुमार वर्मा ने ग्रामीणों को मतदाता शपथ दिलायी गयी । प्रशिक्षु विकास कुमार एवं सागर कुमार ने मतदाताओं को गाना के माध्यम से मताधिकार का महता से अभिभूत कराया। स्वीप ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के ब्रांड एम्बेसडर प्रशिक्षु मो.सम्मीउल्ला ने वोट डालने हेतू मतदाता पहचान पत्र के आलावा बारह अन्य पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक,

> देश के विकास में एक एक वोट की भागीदारी होती है इसलिए सभी को वोट डालना जरूरी है

स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड इत्यादि) के बारे में ग्रामीणों को बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि मतदाताओं द्वारा मताधिकार का उचित प्रयोग करना ही समाज एवं राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत नींव हैं हमें सदैव अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करने हेतू लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि देश के विकास में एक एक वोट की भागीदारी होती है इसलिए सभी को वोट डालना जरूरी है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023- 2025 के प्रशिक्षु नीतेश कुमार सेठ, अजीत यादव, बैजनाथ महतो, राहुल मोदी, नूतन कुमारी, रिंकी कुमारी, सीमा जोजो, अंगुरी खातून, शिफा नूरी, अर्चना कुमारी एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार एवं अनिल दास एवं शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

## सरकारी शराब दुकान का कर्मचारी ही बेच रहा था मिलावटी शराब

# उत्पाद विभाग ने 1 लाख का शराब किया बरामद, भेजा जेल

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** जिला उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर साकची कालीमाटी रोड स्थित सरकारी शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारी सोनारी आदर्श नगर किराए के मकान में रहने वाले अनिरुद्ध सिंह के घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में मिलावटी शराब जब्त किया है। साथ ही टीम ने उसे भी गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा शुक्रवार उत्पाद विभाग के कार्यालय में किया गया। इस दौरान सहायक आयुक्त उत्पाद रामलीला रवानी ने बताया कि शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारी अनिरुद्ध सिंह दुकान से शराब घर लेकर जाता था। जहां वह मिलावटी शराब बनाने के



बाद बॉटलिंग कर उसे अलग-अलग क्षेत्रों में बेचा करता था। साथ ही उन्होंने बताया कि अनिरुद्ध के दोनों बेटे भी इसी कारोबार में पूर्व से जेल में बंद है। और तो और अनिरुद्ध भी यही काम करता था। जिसकी सूचना पाकर विभाग ने कारवाई करते हुए लगभग 1 लाख रुपए का शराब बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एक नजर

### लाइफ-स्टाइल पहचान मेला का समापन आज



**जमशेदपुर ।** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन में चल रहे तीन दिवसीय लाइफ-स्टाइल पहचान मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) के दूसरे दिन शुक्रवार को भी भारी भीड़ रही। जिसका समापन आज शनिवार को होगा। वहीं मेला सुबह 10 से रात्रि 08.30 बजे तक खुला रहेगा। जिसमें कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार, पेंटिंग आदि के स्टॉल लगाए गए हैं। साथ ही सही दाम पर एक ही छत के नीचे अनेक समान लोगों को मिल रहे हैं।

### कदमा में युवक ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर ।** कदमा थाना अंतर्गत रामनगर रोड नंबर 2 स्थित मित्तल टावर फ्लैट नंबर ए/2 निवासी 40 वर्षीय सिद्धार्थ चौधरी ने बीते रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं घटना की जानकारी पाकर संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस दौरान जांच के क्रम में पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। मृतक बिस्टुपुर स्थित नयूवोको कंपनी में कार्यरत था। मामले में मृतक के पिता ओमप्रकाश चौधरी ने थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि बीते गुरुवार लगभग 8 बजे बिस्टुपुर स्थित कंपनी के कार्यालय से निकलकर वह घर पहुंचा। जिसके बाद खाना खाकर बालकनी में चला गया। साथ ही मैं पत्नी के साथ कमरे में सोने चला गया। वहीं शुक्रवार की सुबह लगभग 4: 30 बजे पत्नी मीरा चौधरी जब बालकनी में बैठने गई तो उसने बेटे को पंखे के हुक के सहारे तार से फंदे पर लटके हुए पाया। इस दौरान उसके चिखने की आवाज सुनकर मैं भी वहां पहुंचा। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### डॉली दहेज हत्याकांड में आरोपी पति को कोर्ट ने सुनाई 7 साल की सजा

**जमशेदपुर ।** कदमा थाना अंतर्गत उलियान अनिल सुर पथ जी रोड निवासी डॉली साहू दहेज हत्याकांड में आरोपी पति सोनू सिंह को जमशेदपुर कोर्ट ने 7 साल सश्रम कारावास के साथ साथ 10 हजार जुमार्ना की सजा सुनाई है। वहीं जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजू कुमारी की अदालत ने धारा 304 (बी) के तहत दहेज हत्याकांड का दोषी पाते हुए 7 साल का कारावास और 498 (ए) के तहत दहेज प्रताड़ना का दोषी पाते हुए 3 साल का कारावास और 10 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। जबकि अन्य आरोपियों के विरुद्ध अनुसंधान अभी जारी है। मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने अपना पक्ष रखा था। जबकि वहीं अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार ने बहस की थी। इस संबंध में अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बताया कि विगत 24 सितंबर 2020 को उलियान अनिल सुर पथ जी-रोड में डॉली साहू का शव फंदे से लटका पाया गया था। जिसके बाद मामले में पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया था। मगर पिता अनिल साहू ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया था कि साल 2019 में बेटी की शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। जिसको लेकर कोर्ट में शिकायतवाद भी दर्ज की गई। जिसपर पुलिस ने आरोपी पति सोनू सिंह को गिरफ्तार भी किया था। आगे उन्होंने बताया कि 3 सालों से भी ज्यादा चले मामले में कई लोगों के बयान भी दर्ज किए गए थे।

### टाटा स्टील का मेंस वाटर पोलो टूर्नामेंट हुआ संपन्न



**जमशेदपुर ।** टाटा स्टील खेल विभाग ने 2-3 मई को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्विमिंग पूल ट्रेनिंग सेंटर में अंतर विभागीय वाटर पोलो चैंपियनशिप का आयोजन किया। इस अवसर पर टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी, स्पोर्ट्स एडवाइजरी कमिटी के चेयरमैन संजय कुमार सिंह और टाटा स्टील की इवेंट व ट्रेनिंग सेंटर की हेड विभूति धंद अडेसरा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। चैंपियनशिप में टाटा स्टील की 26 इकाइयों के कुल 260 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान असाधारण कौशल और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कोक प्लांट की टीम विजेता बनी। साथ ही पावर सिस्टम ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। इसी तरह ईक्यूएमएस ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

## विधायक सरयू राय अपने विधानसभा क्षेत्र में गंदगी का अंबार देख भड़के, कहा

# जेएनएसी पर दबाव बनाकर दायित्वों का पालन करने के लिए करना पड़ेगा मजबूर

> निर्देश दिया कि बालू और गिट्टी का यह व्यापार वैध है या अवैध, इसकी जांच कर कार्रवाई करें

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** विधायक सरयू राय ने शुक्रवार की सुबह 7 से 9:30 बजे तक अपने विधानसभा क्षेत्र छायानगर, चंडीनगर, कल्याणनगर, स्लैग रोड, नीति बाग, धोबी घाट, भालूबासा आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दर्जनों लोगों से भेंटकर क्षेत्र में साफ-सफाई, जल निकासी, विद्युत आपूर्ति, पेयजलापूर्ति आदि विषयों पर उनसे जानकारी भी ली। साथ ही टाटा स्टील यूआईएसएल के पदाधिकारियों तथा विद्युत कार्यपालक अभियंता से अविलंब वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का प्रयास भी किया। वहीं भ्रमण के दौरान उन्होंने पाया कि सभी मोहल्लों में साफ-सफाई की व्यवस्था अत्यंत लचर है। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसके तहत उन्होंने तस्वीरें खींच कर संबंधित विभागों को भेजा और अविलंब सफाई कराने का निर्देश भी दिया। उन्हें पूरे ढाई घंटे में किसी भी स्थान पर जेएनएसी के सफाईकर्मी नहीं दिखे। जिसपर लोगों ने शिकायत



की कि बार-बार फोन से सूचना देने के बावजूद सफाईकर्मी नालियों और गलियों की सफाई के प्रति कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। टाटा स्टील की तरफ से स्लैग रोड में बड़े नाला की उड़ाही के बाद निकली हुई गंदगी को सड़क के किनारे ही छोड़ दिया गया है। स्लैग रोड पर बालू और गिट्टी का व्यापार होते हुए दिखा। जिसके बारे में सीतारामडेरा थाना के बड़ा बाबू को सूचित कर पता करने का निर्देश दिया कि बालू और गिट्टी का यह व्यापार वैध है या अवैध, इसकी जांच कर कार्रवाई करें। वहीं टाटा स्टील की संबंधित विभाग भी सड़क पर बालू-गिट्टी के व्यापार के प्रति सचेत नहीं है। नाले के किनारे बसे हुए आश्रम वासियों ने शिकायत की है कि स्लैग रोड पर डीएवी स्कूल के आगे नाले की सफाई नहीं होती है। नतीजतन बरसात के दिनों में नाले का पानी आश्रम के भीतर घुस जाता है। नाले का अतिक्रमण न हो, इसके प्रति भी टाटा स्टील का संबंधित विभाग सचेष्ट प्रतीत नहीं हो रहा है। स्लैग रोड के किनारे बने हुए गंगोत्री अपार्टमेंट में हर साल बरसात के समय पानी घुस जाता है और जिससे भूतल पर रहने वालों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जिसके स्थाई व्यवस्था कराने के बारे में टाटा स्टील के अधिकारियों से बात भी की। इसी तरह भालूबासा-धोबीघाट के लोगों की शिकायत थी कि जुस्को की तरफ से पिछले पांच वर्षों से उन्हें पानी का बिल नहीं दिया जा रहा है। वे व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से उनके कार्यालय में जाकर बिल जमा करने का प्रयास करते हैं। परंतु बिल नहीं दिया जाता है। इसी तरह नीति बाग कालोनी के लोगों ने शिकायत की है कि एक साल से अधिक समय हो गया है। मगर जुस्को की ओर से पेयजल का कनेक्शन घरों में नहीं दिया गया। जबकि पाइप लाइन बिछाने के क्रम में तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत भी नहीं हुई। 50 प्रतिशत से अधिक निवासियों ने पेयजलापूर्ति का फार्म भी जमा किया और शेष लोग भी फार्म जमा करने के लिए तैयार हैं।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभियान को लेकर की बैठक

# मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें: डीसी

संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मैंभीइलेक्शनएंबेसडर को लेकर बैठक संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरुकता को लेकर सात मई की संध्या छह से आठ बजे के बीच सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर हैशटैग मैं भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन संचालित करने का निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड की ओर से प्राप्त हुआ है। उन्होंने डीसी बताया कि स्वीप के तहत विभिन्न स्टेकहोल्डर्स विद्यालय के विद्यार्थियों, सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स, मीडिया, चैंबर ऑफ जेएसएलपीएस, कॉर्पोरेट्स आदि के सहयोग से मतदाता जागरुकता के लिए उक्त गतिविधियों का संचालन किया जाना है। वीडियो, फोटो आदि को दिनांक सात मई को के साथ संध्या छह से आठ बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड कराया जाना



है। इस अभियान के तहत दिनांक 4 मई से 7 मई 2024 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के निमित्त जिला शिक्षा पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी विद्यालयों में स्वीप के तहत गतिविधियां संचालित किये जायें। जिसमें मुख्य रूप से विद्यार्थियों द्वारा अपने अभिभावकों से मतदान के लिए अपील पत्र, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, बैज मेकिंग, कार्टून मेकिंग के अलावा अभिभावकों, पड़ोसियों के साथ सेल्फी आदि गतिविधियों को सात मई से पूर्व संपन्न करा लेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समस्त जिलावासियों से अपील की कि सोशल मीडिया कैंपेन हैशटैग मैं भी इलेक्शन एंबेसडर में बढ़चढ़ कर भाग लें और 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करें। इसमें मतदाता शपथ की प्रतिज्ञा एवं मतदाता जागरुकता संबंधी विविध गतिविधियां संचालित की करने की बात कही। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, महाविद्यालय व कॉलेजों के प्रधानाचार्य व अन्य मौजूद रहे।

## व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय अनुश्रवण टीम के साथ की बैठक

# राजनीतिक दल/ प्रत्याशियों के व्यय की गहन निगरानी एवं शैडो रजिस्टर में रिपोर्ट संधारित करने के दिए निर्देश

संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के निमित 05 कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री गांधी डोंथी ने समाहरणालय सभागार में चुनाव व्यय अनुश्रवण टीम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रक्रिया की निगरानी व अनुश्रवण संबंधी किसी भी शंका या भ्रम की स्थिति नहीं बननी चाहिए, व्यय अनुश्रवण हेतु चिन्हित सभी संस्थाएं, कोषांग, टीम आपसी समन्वय के साथ कार्य करें । सभी का एकीकृत उद्देश्य हो कि स्वंतत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर डाकघर या बैंक में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन या निकासी की सूचना व्यय कोषांग को उपलब्ध कराई जाए । चेकनाका और अपने सूचनातंत्र के आधार पर अवैध शराब, नगदी, उपहार की वस्तु, ड्रग्स सहित असामाजित तत्वों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करें । जप्त किए गए सामग्रियों को संबंधित विभाग से आकलन कराते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु व्यय कोषांग को प्रतिवेदित करायें । जांच के दौरान 10 लाख से अधिक रुपये पाए जाने पर नोडल अधिकारी के साथ इनकम टैक्स आफिसर को भी इसकी जानकारी दी जाए । राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के द्वारा किए गए सभी प्रकार के व्यय को शैडो रजिस्टर में संधारित करना है, ससमय इंट्री हो यह सुनिश्चित करें, निर्वाचन के दौरान तीन बार प्रत्याशियों के रजिस्टर का निरीक्षण होगा, इसमें अंतर पाए जाने पर प्रत्याशी को नोटिस दी जाएगी। वीडियो सर्विलांस टीम बड़ी रैलियों में सावधानीपूर्वक वीडियोग्राफी



करेगी, जिसके आधार पर उसका व्यय निर्धारित किया जाएगा। व्यय का हिसाब करने में संख्या का बहुत सतर्कता से ध्यान रखा जाए। निर्वाचन संबंधी सभी बैनर, पोस्टर, पंपलेट, लिफलेट में प्रिंटर का नाम, पता प्रकाशित होना अनिवार्य है, राजनीतिक दल/ प्रत्याशियों के विज्ञापन को एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन कराना है । व्यय के दृष्टिकोण से संवेदनशील पॉकेट में विशेष निगरानी का निर्देश दिया गया । बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, वरीय पदाधिकारी व्यय कोषांग, एडीएम, वरीय पदाधिकारी एमसीएमसी कोषांग रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर व अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी की बैठक संपन्न



संवाददाता

**झुमरी तलैया ।** झुमरी तिलैया भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी कि एक बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के निवास स्थान में हुई। बैठक की जिला अध्यक्षता अनुप जोशी तथा संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक में अनूप जोशी ने कहा की सभी मंडलों के अध्यक्ष एक या दो दिन के अंदर परमिशन लेकर चुनाव कार्यालय खोलें, और सभी प्रभारी एवं सभी मंडल अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किए गए विकास कार्यों को घर घर जाकर संपर्क कर जनता के हित में किए गए कार्यों के बारे में बताएं और प्रचार वाहन का परमिशन लेकर प्रचार करवाऐ। सभी मंच मोर्चा के अध्यक्षों से भी आग्रह किया कि आप भी अपनी पूरी टीम के साथ सुबह शाम घर-घर जाकर प्रचार करें। 20 को अधिक से अधिक मतदान करावे। बैठक में प्रभारी देवनारायण मोदी, सुधीर सिंह,महेन्द्र यादव, मनोज कुमार झुन्नु, परमेश्वर यादव, शशिभूषण प्रसाद, सुनील सिन्हा,कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, मुकेश राम, महेश वर्मा, विजय यादव,राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा,रामदेव मोदी, विजय राणा, सुरेन्द्र यादव,जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, नवीन चौधरी, आदि उपस्थित हुए।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद रेल प्रशासन ने अक्षय भवन को किया ध्वस्त, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** चक्रधरपुर रेल मंडल प्रशासन ने शुक्रवार कार्रवाई के दौरान रेलवे मेंस कांग्रेस कार्यालय परिसर में निर्मित अक्षय भवन को दो जेसीबी के सहयोग से ध्वस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि अक्षय भवन को प्रशासन ने अवैध निर्माण माना है। जबकि रेलवे मेंस कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भवन का निर्माण विशेष कार्य के लिए कराया गया था और इसकी अनुमति भी रेलवे ने दी थी। इस भवन में रेलकर्मियों समेत अन्य लोगों को ट्रेनिंग दी जाती थी। वहीं कुछ दिनों पूर्व प्रशासन ने भवन को सील भी कर दिया था। जिससे यह तय हो गया कि प्रशासन भवन को कभी भी ध्वस्त कर सकती है। वहीं रेलवे मेंस कांग्रेस के विपक्षी गुट के नेताओं ने रेल प्रशासन को दी गई शिकायत में बताया था कि अक्षय



भवन में भ्रष्टाचार व्याप्त है और जिसका उपयोग कुछ यूनियन नेता अपने निजी कमाई के लिए सालों से कर रहे थे। इस दौरान किसी का नाम लिए बिना विपक्षी नेताओं ने बताया कि मेंस कांग्रेस को घर का संगठन बना लेने वालों ने इसके मूल स्वरूप को ही खत्म कर दिया। साथ ही यह रेलकर्मियों के शोषण का हथियार भी बन चुका है। इन लोगों को कहना है कि देर से ही सही पर प्रशासन ने माना कि अक्षय भवन भ्रष्टाचार की अवैध इमारत थी और जिसे गिराकर स्पष्ट संकेत भी दे दिया है।बताया जा रहा है कि तोड़े गए भवन की जमीन को रेल प्रशासन अपने कब्जे में लेकर डेवलपमेंट करेगा। इसी तरह पूरे क्षेत्र के निर्माण को तोड़ा जाना है। जिसके तहत आगे भी ऐसे ही कारवाई की जाएगी।दूसरी तरफ प्रशासन ने अक्षय भवन को गिराकर अतिक्रमणकारियों को यह सीधा संदेश दिया है कि चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली क्यूं न हो, वह रेलवे यूनियन नेता हो अथवा राजनीति दल का नेता, अवैध कब्जे को देर से ही सही ध्वस्त किया ही जाएगा। इस संबंध में टाटानगर रेलवे के अतिरिक्त सहायक अभियंता राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि अक्षय भवन के अवैध निर्माण का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन था। जहां से निर्णय आने के बाद अवैध निर्माण को सील भी किया गया था और आज उसे तोड़ने की कार्रवाई की गई हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि रेलवे जमीन पर बने अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मौके पर सहायक अभियंता, आईओडब्लयू और आरपीएफ के जवान तैनात थे।

## एक नजर

### चुनाव प्रचार खर्च में विसंगति के मामले में सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार को नोटिस



**मुंबई।** पुणे जिले में बारामती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी कविता द्विवेदी ने दो उम्मीदवारों, सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार को चुनाव खर्च में विसंगति पाये जाने पर नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में दोनों उम्मीदवारों को दो दिन तक खुलासा करने का आदेश दिया है। यदि दो दिन के भीतर इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो इस विसंगति को स्वीकार्य मानकर यह व्यय उनके खाते में दर्शा दिया जाएगा। बारामती निर्वाचन क्षेत्र में वरिष्ठ नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की उम्मीदवार हैं। सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी हैं। दोनों बारामती संसदीय क्षेत्र में आमने-सामने चुनाव लड़ रही हैं। सुप्रिया सुले के चुनाव प्रचार खर्च में 1.3 लाख रुपये की, जबकि सुनेत्रा पवार के चुनाव खर्च में 9.10 लाख रुपये की विसंगति पाई गई है।

### गढ़चिरौली में जादू-टोना के शक में दो लोगों को जिंदा जलाने वाले 15 गिरफ्तार

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में जादू-टोना के शक में एक महिला समेत दो लोगों को जिंदा जलाने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस के अनुसार गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली तहसील के बारसेवाड़ा में 1 मई को शाम को करीब छह बजे गांव वालों ने जामनी तेलामी (52), देउ अटालामी (60) को जादू टोना करने के शक में जमकर पीटा। इसके बाद गांव वाले रात करीब 10 बजे मरणासन्न अवस्था में दोनों को घसीटकर गांव के बाहर नाले में ले गए और दोनों को जिंदा जला दिया। अगले दिन देर तक इसके बारे में किसी को पता नहीं चला लेकिन गुरुवार को इसकी भनक एटापल्ली पुलिस को लगी। इसके बाद पुलिस ने मौके से दोनों के अधजले शव बरामद किये। पुलिस ने शुक्रवार सुबह तक इस मामले में15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना की गहन छानबीन जारी है।

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर कानपुर में दो दिन तक ड्रोन पर प्रतिबंध

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 04 मई को कानपुर आगमन और प्रस्तावित रोड शो के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए कानपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में 03 एवं 04 मई को ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कानपुर के अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) हरिश चन्दर ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रोड शो के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं सामान्य नागरिकों की सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए कानपुर नगर क्षेत्र में धारा 144 लागू किया गया है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के ड्रोन के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कानपुर कमिश्नरेट की सीमा के अंदर कानून का राज कायम करने एवं जनहित को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रतिबंध की अवधि के दौरान ड्रोन का प्रयोग करने पर संबंधित शख्स के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रामवीर सिंह विधूड़ी ने दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से किया नामांकन

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा और कई अन्य नेता मौजूद रहे। इससे पहले लाडो सराय से साकेत तक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थक ढोल ताशे के साथ पहुंचे। इस सीट से रामवीर सिंह विधूड़ी का मुकाबला आम आदमी पार्टी के सही राम पहलवान से है। नामांकन के बाद रामवीर सिंह विधूड़ी ने दावा किया कि उनकी जीत के साथ भाजपा इस बार दिल्ली की सभी सीटें जीतेगी।

### इंटक के 77वें स्थापना दिवस पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के 77वें स्थापना दिवस पर इसके सदस्यों और समर्थकों को शुभकामनाएं दी हैं। खड़गे ने आज सोशल मीडिया एक्स पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'इंटक के 77वें स्थापना दिवस पर मैं इसके सभी सदस्यों और समर्थकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'कांग्रेस पार्टी के 'श्रमिक न्याय' ने करोड़ों श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक एजेंडा निर्धारित किया है, और हम अपनी गारंटी को लागू करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।'

## फरीदाबाद में 7.59 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा

# अब तक 16 गिरफ्तार, चीन तक जुड़े हैं ठगी के तार

एजेंसी

**फरीदाबाद।** नगर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इनके पास बड़ी संख्या में कई बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम कार्ड और 14 लाख रुपये की नकदी बरामद की है।

शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं। ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है।

दरअसल, बीते दिनों फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लड़की ने साइबर पुलिस से शिकायत करी बताया था कि उसके साथ स्टॉक मार्केट से करीब 7 करोड़ 59 लख रुपये की ठगी हुई है। इसके बाद फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित की। जिसका इंचार्ज साइबर एसीपी अभिमन्यु गोयत को बनाया। एसआईटी की टीम ने अब तक कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रशान्त कुमार निवासी बैंगलोर कर्नाटक, सईद मो. जिशान गांव कुसुर कलां जिला सन्त कबीर नगर उत्तर प्रदेश, सईद सुहेल गांव नथर जिला सिदार्थ नगर उत्तर प्रदेश, हरि किशन कोटगेट बीकानेर राजस्थान, राम सिंह उर्फ ढल्लु मुक्ता प्रसाद नगर बीकानेर राजस्थान, आकाश निवासी टण्डन रोड आदर्श नगर दिल्ली, रोहित आदर्श नगर दिल्ली, महेन्द्र उर्फ रितेश भोपालगढ़ जोधपुर राजस्थान, दिनेश कुमार सारण नगर बनाड जोधपुर, दिपेन्द्र रामपरस्ता ग्रीन सैक्टर 7 वैशाली गाजियाबाद, रिंकू बीकानेर राजस्थान, इंद्रजीत लोधी रोड बीकानेर राजस्थान, राहुल पुगल रोड बीकानेर और आरोपित दिनेश कुमार रानी बाजार बीकानेर शामिल हैं।



साइबर पुलिस टीम ने सबसे राहुल को सूत्रों व तकनीकी सहायता से गिरफ्तार किया है। आरोपित राहुल से वारदात में प्रयोग एक मोबाइल फोन बरामद करवाया। इसके बाद रिंकू, इन्द्रजीत और कैलाश को दबोचा गया। पुलिस ने राहुल सहित चारों को कोर्ट में पेशकर पूछताछ व बरामदगी के लिए छह दिन के रिमांड पर लिया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के बाद दिनेश को गिरफ्तार किया गया जिसको अदालत में पेश कर 03 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। यह सभी लोग हरियाणा सहित आसपास के राज्यों के रहने वाले हैं। जिनका सीधा लिंक चीन से बताया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपियों से लगभग 14 लाख रुपये सहित विभिन्न बैंकों की पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड, सैकड़ों सिम और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस पूरे मामले में पुलिस अभी और लोगों के जुड़े होने की जांच कर रही है। इस पूरे मामले में अभी और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# 'सबका साथ सबका विकास' सिर्फ नारा नहीं, मोदी की गारंटी : मोहन

एजेंसी

**संभल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले के असमोली में शुक्रवार को एक चुनावी रैली में कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। यादव ने कहा कि कांग्रेस और सपा सिर्फ अपने परिवार के लोगों का विकास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। सबका साथ सबका विकास यह सिर्फ नारा नहीं है, यह मोदी की गारंटी है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में जनजातीय, मध्य प्रदेश में ओबीसी और राजस्थान में ब्राह्मण वर्ग के कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाया।




मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि कांग्रेस व सपा के लोग मौका मिलने पर कोई भी पद हो घर से बाहर नहीं जाने देना चाहते। भाजपा में किसी भी कार्यकर्ता को किसी भी पद तक पहुंचाने की हिम्मत नरेन्द्र मोदी रखते हैं। उज्जैन में जहां से हम चुनाव लड़ते हैं वहां पर यादव समाज की 500 भी आबादी नहीं है लेकिन एक यादव बंधु को उठाकर मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। मुख्यमंत्री यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने प्रत्याशी ही नहीं तय कर पा रही है। राहुल गांधी पिछली बार अमेठी से हार कर केरल तक भागे, अब वायनाड में हार की आशंका को देखते हुए रायबरेली भाग रहे हैं।

यादव ने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को जिताने की अपील की। विपक्ष की परिवारवाद की राजनीति से परे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा हर वर्ग के कार्यकर्ता को उसकी मेहनत का सुफल देकर ₹सबका साथ, सबका विकास₹ दृष्टिकोण को सार्थक करती है। आज उत्तर प्रदेश के असमोली में विराट जनसमूह का उत्साह प्रमाण है कि जनता-जनार्दन को भी विश्वास है कि भाजपा में ही हर वर्ग का विकास संभव है। मुख्यमंत्री यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संभल में कैला देवी धाम में पूजा-अर्चना की।

### अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत पर एनसीडब्ल्यू ने महाराष्ट्र सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** मुंबई के एक अस्पताल में कथित तौर पर बिजली गुल होने पर टार्च की रोशनी में सीजेरियन डिलीवरी कराने और स दौरान जच्चा बच्चा का मौत हो जाने को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने तीन दिन के भीतर महाराष्ट्र सरकार से रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर दुख भी जताया है। आयोग ने कहा, 'एनसीडब्ल्यू इस दुखद घटना से स्तब्ध है, जहां अस्पताल में एक मां और बच्चे की जान चली गई।' आयोग ने आगे कहा कि बिजली गुल होने के कारण सीजेरियन डिलीवरी के लिए अस्पताल के सेल फोन टॉर्च पर निर्भर रहने और उसके बाद जान चली जाने का आरोप बेहद चिंताजनक हैं। देश की वित्तीय राजधानी में यह घटना राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं में गंभीर कमी का मुद्दा उजागर करती है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की मांग की गई है।

### गैर कश्मीरी कैब चालक पर आतंकी हमले के मामले में एक ओजीडब्ल्यू गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले महीने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में एक गैर कश्मीरी कैब चालक पर हुए हमले की जांच के दौरान आतंकियों के एक सहयोगी (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। 9 अप्रैल को दिल्ली निवासी टैक्सी चालक परमजीत सिंह पर शोपियां के पदपावन गांव में आतंकवादियों द्वारा लक्षित हमला किया गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह हमला हीरपुरा में डेनिश रिसॉर्ट में हुआ था, जो मुगल रोड पर पड़ता है और कश्मीर को जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ता है।

## ट्रेन में बम की सूचना से मचा हड़कंप

# भोपाल में रोक कर ली गई तलाशी अफवाह फैलाने वाला हिरासत में



एजेंसी

**भोपाल।** प्रदेश की राजधानी के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह पुणे से जम्मू तवी जाने वाली 11077 झेलम एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद जीआरपी ने रानी कमलावति स्टेशन पर ट्रेन को रोका और सतर्कता के साथ पूरी ट्रेन की चेकिंग की गई, लेकिन कोई विस्फोटक नही मिला। जीआरपी ने ट्रेन में बम होने की बात कहने वाले यात्री को हिरासत में ले लिया है।

झेलम एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह 8.31 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचती है। रानी कमलापति स्टेशन पहुंचने से पहले ट्रेन की एस 9 बोगी में सवार पुणे के एक यात्री ने टीसी को ट्रेन में बम होने की जानकारी दी। बम की जानकारी मिलते ही टीसी ने तुरंत कंट्रोल रुम को सूचित किया। इसके बाद ट्रेन को रानी कमलापति स्टेशन पर रोका गया। यात्री सहित सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए। स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी और हबीबगंज पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ पूरी ट्रेन की सघन जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली और ट्रेन को भोपाल से आगे के लिए रवाना किया गया।

हबीबगंज थाना प्रभारी सुधीर अरजारिया ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली थी कि इटारसी से आने वाली झेलम एक्सप्रेस में कोई संदिग्ध वस्तु है। यह सूचना टीसी को एक यात्री ने दी थी। स्टेशन पर पूरी ट्रेन की चेकिंग की गई है, लेकिन ट्रेन से कुछ भी नहीं मिला। इसके बाद ट्रेन को भोपाल से रवाना करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति ने बम होने की सूचना दी थी, उसे हिरासत में लेकर थाने लाए हैं उससे पूछताछ कर रहे हैं।

### भाकपा नेता अतुल अंजान का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के नेता एवं राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान का लम्बी बीमारी के बाद आज लखनऊ में निधन हो गया। उनकी आयु 70 वर्ष थी। उनकी बहन रतना सिंह के अनुसार वे कैंसर से पीड़ित थे और लखनऊ के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अंजान ने अपने छात्र जीवन से राजनीति में कदम रख दिया था। उनके निधन पर विभिन्न पार्टियों और नेताओं के शोक संदेश प्राप्त हो रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विचारधारा का सच्चा सिपाही बताया है। कामगार लोगों के साथ उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए पार्टी महासचिव डी राजा ने व्यक्तिगत संबंधों का जिक्र किया है।

# अकोला में दो कार की आमने-सामने टक्कर में 6 की मौत, 3 लोग जख्मी

एजेंसी

**मुंबई।** अकोला जिले में स्थित पातुर में फ्लाईओवर के पास शिगर नाले के पास शुक्रवार को दोपहर में दो कारों की आमने-सामने हुई टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में विधानपरिषद में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य किरण सरनाईक के परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार अमरावती के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक किरण सरनाईक के भाई अरुण सरनाईक आज दोपहर पातुर में फ्लाईओवर के पास शिगर नाला के पास से गुजर रहे थे। इसी



दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने सरनाईक की कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में रघुवीर अरुण सरनाईक (28 वर्ष), अस्मिता अजिंक्य अमले (9 माह), शिवानी अजिंक्य अमले (30 वर्ष), सिद्धार्थ यशवंत इंगले (35 वर्ष), अमोल शंकर ठाकरे (35 वर्ष ) और कपिल प्रकाश इंगले की मौके पर मौत हो गई।

इस दुर्घटना में पीयूष देशमुख (11 वर्ष), सपना देशमुख (41 वर्ष) और श्रेयस सिद्धार्थ इंगले (37 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पातुर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लेने आया हेलीकाप्टर क्रैश

एजेंसी

**मुंबई।** रायगढ़ जिले के महाड में शुक्रवार को सुबह शिवसेना (यूबीटी) की नेता सुषमा अंधारे को सभा में ले जाने आया हेलीकॉप्टर अचानक क्रैश हो गया। हादसे के वक्त सुषमा अंधारे हेलीकॉप्टर में नहीं थीं, इसलिए वे बाल-बाल बच गईं। साथ ही हेलीकाफ्टर का पायलट और उनके सहायक भी सुरक्षित हैं। हेलीकाफ्टर क्रैश होने की छानबीन की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुषमा अंधारे और उनके भाई विशाल गुप्ते बारामती में आयोजित सभा में शामिल होने वाली थीं। इसके लिए उन्हें लेने के लिए हेलीकाफ्टर सुबह नौ बजे महाड आया था। हेलीकाफ्टर लैंडिंग कर रहा था, इसी दौरान क्रैश हो गया, लेकिन पायलट की टीम क्रैश होने से पहले ही हेलीकाफ्टर से छलांग लगा लिया था, जिससे वे बाल-बाल बच गए। इस घटना के बाद सुषमा अंधारे ने कहा कि मैं महिलाओं की एक बैठक के लिए बारामती जाना चाहती थीं। शाम को मंडनगढ़ में रैली होगी। हेलीकॉप्टर 9 बजे उड़ान भरने वाला था, लेकिन हेलीकॉप्टर को उतरने में काफी वक्त लग गया और वह अचानक गिर गया। 2 से 4 मिनट तक हमें कुछ सुनाई नहीं दिया। मुझे इस बात की चिंता थी कि अंदर मौजूद लोगों के साथ क्या हुआ होगा लेकिन कैप्टन और उनके सहायक सुरक्षित हैं। साथ ही, 'मैं और मेरा छोटा भाई विशाल गुप्ते इस विमान से यात्रा करने वाले थे। हम सभी सुरक्षित हैं इसलिए चिंता न करें। यह ज्ञात नहीं है कि वास्तव में क्या हुआ था। इस हादसे की वजह अभी नहीं बताई जा सकती।

## लोकसभा चुनाव-2024 | 13 मई को होगा लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान

# 10 राज्यों की 96 सीटों के लिए 1717 उम्मीदवार मैदान में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए मतदान होगा, जिसके लिए कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण के मतदान के लिए कुल 4,264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनकी जांच-पड़ताल के बाद 1970 नामांकन वैध पाए गए। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी। 253 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।



इस चरण में तेलंगाना में 17 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 1,488 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद 25 संसदीय क्षेत्रों से 1,103 नामांकन के साथ आंध्र प्रदेश का स्थान था। तेलंगाना में 7-मलकजगिरी संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 177 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। इसके बाद उसी राज्य में 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में प्रत्येक में 114 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। चौथे चरण के लिए एक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

### इस चरण में इन सीटों पर होगा मतदान

**आंध्र प्रदेश:** दक्षिणी राज्य की सभी 25 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इनमें अमलापुरम, अनाकापल्ले, अनंतपुर, अराकू, बापटला, चित्तूर, एलुरु, गुंटूर, हिंदूपुर, कडपा, काकीनाडा, कुरनूल, मछलीपट्टनम, नंदयाल, नरसरावपेट, नरसापुरम, राजमपेट, श्रीकाकुलम, तिरुपति, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और विजयनगरम शामिल हैं।

**बिहार:** राज्य की पांच सीटों जिनमें बेगूसराय, दरभंगा, मुंगेर, समस्तीपुर और उजियारपुर शामिल हैं। इन पर 13 मई को मतदान होगा।

**जम्मू-कश्मीर:** श्रीनगर के लोग 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**मध्य प्रदेश:** यहां 29 में से आठ सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें देवास, धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, रतलाम और उज्जैन शामिल हैं।

**झारखंड:** खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में सोमवार (13 मई) को मतदान होगा।

**महाराष्ट्र:** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 48 लोकसभा सीटों में से 11 पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अहमदनगर, औरंगाबाद, बीड, जलगांव, मावल, नंदुरबार, पुणे, रावेर, शिरडी और शिरूर शामिल हैं।

**ओडिशा:** बरहामपुर, कालाहांडी, कोरापुट और नबरंगपुर चार सीटों पर इस चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

**तेलंगाना:** चौथे चरण में सभी 17 सीटों (आदिलाबाद, भोंगिर, चेवेल्ला, हैदराबाद, करीमनगर, खम्मम, महबूबाबाद, महबूबनगर, मल्काजगिरी, मेडक, नागरकुर्नूल, नलगोंडा, निजामाबाद, पेद्दापल्ले, सिकंदराबाद, वारंगल और जहीराबाद) पर मतदान होगा।

**उत्तर प्रदेश:** उप्र में 13 मई को 13 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अकबरपुर, बराइच, धौरहरा, इटावा, फरुर्खाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, सीतापुर, शाहजहांपुर और उन्नाव शामिल हैं।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर मतदान होगा। इनमें आसनसोल, बहरामपुर, बर्धमान, दुगार्पुर, पुरबा, बीरभूम, बोलपुर, कृष्णानगर और राणाघाट शामिल हैं।

## रायबरेली से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर भाजपा का तंज

# वायनाड से हार रहे हैं कांग्रेस के शहजादे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में इस बार अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। कांग्रेस ने शुक्रवार को राहुल गांधी को रायबरेली सीट से और अमेठी से केएल शर्मा को उम्मीदवार घोषित कर दिया। राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं, इसलिए वे रायबरेली से भी चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने आज यहां कहा कि यह सब नाटक और निर्माण किस लिए? राहुल गांधी के भाग जाने और अमेठी से आत्मसमर्पण करने और केएल शर्मा जैसे किसी व्यक्ति को मैदान में उतारने से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस ने अमेठी छोड़ दी है। उन्हें भी इस बात का एहसास है कि स्मृति ईरानी के सामने राहुल की कोई हैसियत नहीं है। इसलिए कांग्रेस ने राहुल गांधी को रायबरेली में भेज दिया, जिसे वे अधिक सुरक्षित मानते हैं।

पूनावाला ने कहा कि क्या यह वायनाड के लोगों के साथ पूरी तरह धोखाधड़ी नहीं है? ऐसा नहीं है कि वह रायबरेली में जीतेंगे, बल्कि यह कांग्रेस की 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' की मानसिकता को दर्शाता है।

अनुराग ठाकुर ने भी किया कटाक्ष

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'कुछ समय पहले तक राहुल गांधी कहते थे, 'डरो मत, डरो मत', अब कहते हैं डर के कारण, अमेठी से वायनाड और वायनाड से लेकर रायबरेली तक, हार के प्रति उनका डर उन्हें हर जगह ले जा रहा है। वह अपनी बहन (प्रियंका गांधी वाड्रा) को न्याय नहीं दे पा रहे थे, क्योंकि एक तरफ रॉबर्ट वाड्रा भी टिकट मांग रहे थे और दूसरी तरफ पार्टी की मांग प्रियंका गांधी की थी, हालांकि, पार्टी की सूची में उनका नाम नहीं बताया गया, इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी के भीतर कुछ चल रहा है।'

### जय प्रकाश भाई पटेल का तूफानी जनसंपर्क, एक दिन में किया दर्जनों पंचायत का दौरा

# अबकी बीजेपी नहीं, सिर्फ जेपी: जय प्रकाश



संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत दर्जनों पंचायत का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकताओं ने उनका फूल माला पहना कर स्वागत किया। जनसभा का आयोजन और डोर टू डोर कैंपेन चला उन्होंने लोगों के बीच कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के साथ छल किया है। झूठे वादे कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जवान, किसान, युवा, महिला सभी आज परेशान है। जवान अग्निवीर योजना से, किसान एमएसपी नीति से, युवा बेरोजगारी से और महिला सुरक्षा कारणों से। भारत का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो के बारे में लोगों को बताते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही सबसे पहले इम समस्याओं का समाधान कर देश के साथ न्याय किया जाएगा। महिला आरक्षण, पहली नौकरी पक्की, अग्निवीर योजना की समाप्ति और एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित किया जाएगा। आम जन का मिल रहा जोरदार समर्थन प्रचण्ड गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी जय प्रकाश भाई पटेल को अपना समर्थन देने लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। कोई उन्हें पानी पिला रहा था तो कोई गले लगाकर आशीर्वाद देते नजर आया। जेपी भाई पटेल मिले इस स्नेह से अभिभूत थे। उन्होंने भी बड़ों के पाँव छू आशीर्वाद लिया। जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, राजद जिला अध्यक्ष चरका यादव, रेणु देवी, पूर्व मुखिया उदय साव, कोमल कुमारी, सुखदेव प्रसाद, बालेश्वर महतो, रंजीत यादव, विक्की धान, उपेवन्द्र यादव, जयकुमार महतो, नीरज यादव, मो. अजहर आदि उपस्थित रहे।

## झापा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी (झापा) के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने बड़कागांव और केरेडारी का सघन चुनावी दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी जो माटी की पार्टी है जल जंगल जमीन की पार्टी है से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार के रूप में खड़ा हुआ हूं और आप सभी से समर्थन की अपील करता हूं। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा की झारखंड खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है मगर झारखंड के लोग बेरोजगारी की जिंदगी जी रहे हैं हमारे पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगार युवा साथी डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं और बाहरी लोग हमारी संपत्तियों पर राज कर रहे हैं। कोयला हमारा लोहा हमारा बालू हमारा मगर इन सभी पर अधिकार बाहरी लोगों का है। हमारी जमीनें छीनी जा रही है और अंबानी अडानी जैसे बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती है जो यहां पर हमारे खनिज संपदाओं को लूट कर राज कर रहे हैं मगर किसी भी स्थानीय तौर पर रोजगार की स्थाई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण हमारे युवा साथी निराशा की जिंदगी जी रहे हैं और बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर है। इसका सिर्फ एक ही कारण है कि आज तक राष्ट्रीय पार्टियों ने झारखंड में सिर्फ राज किया है। खनिज संपदाओं से परिपूर्ण हजारीबाग की ही बात ले लिया जाए तो यहां कितना विकास हुआ है यह किसी से छिपा हुआ नहीं है हजारीबाग के पढ़े-लिखे युवा आज पलायन करने को मजबूर है क्योंकि यहां पर रोजगार की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है।

## एक नजर

### सोसो खुर्द टोल प्लाजा में हवाई जहाज देखने के लिए एकत्रित हुए लोग



**गोला।** प्रखंड क्षेत्र के एन एच 23 स्थित सोसो खुर्द टोल प्लाजा में गुरुवार की सुबह एक टेलर गाड़ी में दिल्ली से पुरुलिया ले जा रहे एयर बोस का खराब हुआ हवाई जहाज को देखने के लिए गांव के बड़े, बच्चे, बुढ़े लोगों ने हवाई जहाज के सामने पहुंच कर उससे छूकर देखकर काफी आनंदित हुए यहां तक सड़कों में चलने वाले वाहनों से लोग उतरकर भी अपने मोबाईल से सेल्फी फोटो खिंचवाए। हवाई जहाज को ले जा रहे वाहन चालक ने बताया की यह हवाई जहाज को दिल्ली से लोडकर इससे बनाने के लिए पुरुलिया भेजा जा रहा है। यह वाहन यहां कुछ देर के लिए रुका और फिर टोल टैक्स कटाकर यहां से चला गया।

### सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**गिद्दी।** बडका चुंबा गाँव स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची से आए डॉक्टरों के दल जिसमें जनरल फिजिशियन डॉक्टर वसुधा तिवारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ कुमारी अनुकृति और उनके सहयोगी एएनएम खुशबू कुमारी और रेशमा खातून मौजूद थे। चिकित्सकों ने ग्रामीणों का विशेष उपचार कर उन्हें उनके स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिए साथ ही साथ विद्यालय की प्राचार्या संगीता सिंह व सचिव दशरथ महतो ने कहा कि ग्रामीणवासी अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें और अच्छे खान पान पर विशेष ध्यान दें। इस मौके पर स्कूल के अकाउंटेट, शिक्षकगण व अन्य स्टाफ भी शामिल थे।

### स्वीप कोषांग ने किया चौपाल का आयोजन

**गिद्दी।** स्वीप कोषांग (डाड़ी प्रखण्ड) के द्वारा हुवाग पंचायत के हुवाग ग्राम के चौक पर ( बूथ न० 69 और 72 ) में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे इवीएम/ वीवीपैट का प्रदर्शन किया गया और साथ ही मतदाताओं का वोटर आई कार्ड के साथ सेल्फी भी लिया गया।इसके साथ साथ विद्यालय द्वारा भी बीएलओ की मौजूदगी में स्वीप जागरूकता अभियान चलाया गया।

### सीपीआई के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान को दी गई श्रद्धांजलि



**रामगढ़ ।** भाकपा-माले, मेन रोड स्थित,रामगढ़ जिला पार्टी कार्यालय में सीपीआई के पूर्व राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल कुमार अंजान का आज अचानक अहले सुबह हृदय गति रुक जाने से इनके निधन पर सरयू बेदिया,देवानन्द गोप,सरदार गोविन्द सिंह( निक्कू), कपिल यादव अन्य ने 1 मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया और " अतुल कुमार अंजान अमर रहे " के नारे के साथ उन्हें सलामी दी गई एवं उनके परिवार जनों के प्रति शोक- संवेदना प्रकट की गई।

### एसएसटी टीम ने पांच करोड़ की जेवर पकड़े,आईटी की टीम कर रही जांच

**रामगढ़ ।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस की एसएसटी टीम काफी सक्रियता से कम कर रही है। रामगढ़ और हजारीबाग की सीमा पर मांडू थाना के समीप बने चेकनाके पर पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। इस मामले में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम इस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने तक जेवर और वाहन को पुलिस कस्टडी में ही रखा गया है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसका प्रयोग चुनाव के दौरान होना था या नहीं। उसमें किसी प्रकार की इनकम टैक्स की चोरी तो नहीं की गई है। बताया जाता है कि रांची एयरपोर्ट से सात पेटियों में लगभग पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर लेकर गार्ड आलोक सिंह, ड्राइवर सुमन और स्कॉटर वीरेंद्र हजारीबाग जा रहे थे। उन जेवरों को हजारीबाग के विभिन्न जेवर दुकानों में डिलीवरी देने की बात बताई जा रही है। मांडू थाने के पास बनाए गए चेकनाके पर ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट दीपक कुमार और एएसआई निशिकांत शर्मा ने उस वाहन को जांच के दौरान पकड़ा।

### सार्वजनिक शौचालय में निजी लोगों के कनेक्शन को नगर परिषद के कर्मियों ने काटा

**बरकाकाना(रामगढ़)।** नगर परिषद वार्ड संख्या 20 में बने बाजार सेड में आम जनों के लिए बने शौचालय की टंकी में निजी मकान के लोगों द्वारा शौचालय के टंकी में कनेक्शन कर गंदा पानी गिरने का काम किया जा रहा है। जिसकी शिकायत रामगढ़ नगर परिषद के अधिकारियों को होने के बाद विधिवत नोटिस जारी किए जाने के उपरांत शुक्रवार को नगर परिषद के अधिकारी व कर्मी उक्त स्थल पर पहुंचकर निजी मकान से निकले गए पाइप को काटकर अलग कर दिया गया।

### सड़क नहीं होने के कारण नहीं पहुंच पाती है एम्बुलेंस व अन्य गाड़ियां

# सांसद के क्षेत्र में सांसद को नहीं पहचानते हैं लोग

**5 वर्षो में विकास के नाम पर एक जलमीनार बैठाया गया है जिसकी टंकी लीक है**

संवाददाता

**कतरास।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के धावाचिता पंचायत अंतर्गत दलदली गांव के बदाही टोला( आदिवासी बस्ती) के रहने वाले दर्जनों लोग अपने संसदीय क्षेत्र के सांसद को नहीं पहचानते हैं. कई लोग तो अपने सांसद का नाम भी नहीं जानते है. इस गांव के लोगों की सबसे बड़ी समस्या सड़क और पानी की है. सड़क नही होने के कारण इस आदिवासी बस्ती का कनेक्शन मुख्य मार्ग(8लेन) से नही है. इतना ही नही कच्ची सड़क की भी ऐसी स्थिति नही है कि कोई भी चार पहिया वाहन बस्ती तक पहुंच सके. शायद इसलिए अभी तक कोई सांसद या सांसद प्रत्याशी इस बस्ती की ओर रुख नही कर सके. गांव वालों ने बताया कि इस बस्ती में पूर्वजों का बनाया हुआ एक कुआं है जो पूरे बस्ती की प्यास मिटाती है. 5 वर्षो में विकास के नाम पर एक जलमीनार बैठाया गया है जिसकी टंकी लीक है और उससे पानी की हल्की धारा बहते रहती है. पूछने पर कहा कि यदि जल मीनार और कुआं सुख जाए तो यहां के लोगों की हालत बिना पानी के मछली जैसी हो जाएगी. बीते 5 वर्षो में न तो कोई स्कूल बना है और न तो कोई स्वास्थ्य केन्द्र. किसी की तबियत खराब हो जाये तो अस्पताल में भर्ती कराने के लिए राजगंज या धनबाद जाना पड़ता है. अपने सांसद के बारे में पूछने पर आदिवासी ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग अपने सांसद को नही पहचानते हैं. नाम भी नही सुने है, देखा भी नही है. इस गांव में कभी आये भी नही है. चुनाव के समय कुछ लोग आते हैं फिर 5 साल तक नही दिखते हैं. केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे के जानकारी देते हुए कहा कि गैस सिलिंडर तो मिला है लेकिन गैस का कीमत बहुत ज्यादा होने के कारण दोबारा कभी गैस नही भराया है. देश भर में सड़क निर्माण कार्य तेज गति से हो रहा है ये कहने पर ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग कई वर्षों से सड़क शिलान्यास करने की आस में बैठें हैं. केवल शहरों में सड़क निर्माण करने से विकास नही कहलाता है. अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि सड़क नही होने के कारण कोई अपना रिश्ता इस गांव में नही करना चाहता है. जिस गांव में सड़के नही हो उस गांव में और क्या विकास हो सकता है. अपनी सरकार में विकास की गंगा बहाने की दावा करने वाली भाजपा सरकार में आज भी ऐसे कितने जगह है जहाँ आजादी के 75 साल बाद भी न सड़क बना है और न ही मूल भूत सुविधाएं ही पहुंची है। बता दे कि उक्त क्षेत्र गिरिडीह लोकसभा अंतर्गत आता है जहाँ से आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी पिछले 5 वर्षों से सांसद हैं. इस बार भी आजसू के सी पी चौधरी भाजपा गठबंधन से गिरिडीह लोकसभा सीट से उम्मीदवार बने हैं जबकि इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो के टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को इस सीट से लोकसभा उम्मीदवार बनाया गया है।





## मतदाताओं से जुड़कर कमल फूल छाप में वोट देने का कर रहीं हैं अपील



संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार रहती है उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल मैदान में हैं। निशा जायसवाल ने गुरुवार को बरही और चौपारण क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया तो दूसरे दिन शुक्रवार को सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल की बहन लूना जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल के साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण कर नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बनाई और मतदाताओं को भाजपा के प्रति जागरुक करते हुए कमल फूल के निशान पर ही मतदान करने का अपील किया। निशा जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में चल रही महिलाएं अनोखे तरीके से मतदाताओं को जागरूक भी कर रही हैं ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़ाया जा सके। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों संग निशा जायसवाल ने विष्णुगढ़ स्थित अखाड़ा चौक, कशेरा मुहल्ला, बनासो चौक, कुसुम्भा और भूताही मुरगाओ में नुक्कड़ नाटक कराया और आसपास के मतादाताओं से संपर्क साधा।

## 14 लोकसभा क्षेत्र के समक्ष लोगों ने अपना नामांकन दर्ज किया

### अभिषेक कुमार ने निवार्ची पदाधिकारी,14 लोकसभा क्षेत्र के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया

**हजारीबाग।** 14 लोकसभा हजारीबाग क्षेत्र के लिए अभ्यर्थी के रूप में अभिषेक कुमार ने निवार्ची पदाधिकारी,14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र श्रीमति नैंसी सहाय के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया। अभ्यर्थी का नाम -- अभिषेक कुमार। दलः- निर्दलीय नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि- 03.05.2024 (शुक्रवार) प्रतिदिन 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06.05.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक। मतदान की तिथि- 20.05.2024 प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक। मतगणना की तिथि- - 04.06.2024।

### सुरेश राम उर्फ सुरेश ठाकुर ने निवार्ची पदाधिकारी,14 लोकसभा क्षेत्र के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया

**हजारीबाग।** 14 लोकसभा हजारीबाग क्षेत्र के लिए अभ्यर्थी के रूप में सुरेश राम उर्फ सुरेश ठाकुर ने निवार्ची पदाधिकारी,14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र श्रीमति नैंसी सहाय के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया।

अभ्यर्थी का नाम -- सुरेश राम उर्फ सुरेश ठाकुर। दलः- भारतीय सर्वजन विकास पार्टी। नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि- 03.05.2024 (शुक्रवार) प्रतिदिन 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06.05.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक। मतदान की तिथि- 20.05.2024 प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक। मतगणना की तिथि- - 04.06.2024 ।

### छठी देवी ने निवार्ची पदाधिकारी,14 लोकसभा क्षेत्र के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया

**हजारीबाग।** 14 लोकसभा हजारीबाग क्षेत्र के लिए अभ्यर्थी के रूप में छठी देवी ने निवार्ची पदाधिकारी,14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र श्रीमति नैंसी सहाय के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया।

अभ्यर्थी का नाम -- छठी देवी। दलः- अखिल भारतीय परिवार पार्टी।नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि- 03.05.2024 (शुक्रवार) प्रतिदिन 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर)नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06.05.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक।मतदान की तिथि- 20.05.2024 प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक। मतगणना की तिथि- - 04.06.2024 ।

### भुनेश्वर बेदिया ने निवार्ची पदाधिकारी,14 लोकसभा क्षेत्र के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया

**हजारीबाग।** 14 लोकसभा हजारीबाग क्षेत्र के लिए अभ्यर्थी के रूप में भुनेश्वर बेदिया ने निवार्ची पदाधिकारी,14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र श्रीमति नैंसी सहाय के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया।

अभ्यर्थी का नाम -- भुनेश्वर बेदिया। दलः- समता पार्टी। नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि- 03.05.2024 (शुक्रवार) प्रतिदिन 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06.05.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक। मतदान की तिथि- 20.05.2024 प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक। मतगणना की तिथि- - 04.06.2024।

## राधा गोविंद स्कूल के छात्रावास में रहनेवाले बच्चे की मौत मामले में त्रि स्तरीय कमेटी गठित

- जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई
- 1 से 8 तक क्लास बंद के आदेश पर स्कूल प्रबंधन ने किया उल्लंघन
- एसडीओ ने कहा जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई



संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित राधा गोविंदस्कूल के हॉस्टल में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले 5वीं क्लास के छात्र की शुक्रवार को मौत हो गयी। बताया जा रहा है की छात्रावास में रह रहे सभी बच्चे रोज की भांति शुक्रवार को सुबह उठे। जिन्हें पीटी व गिनती के लिए ग्राउंड भेजा गया। उसी दौरान 5वीं क्लास का छात्र आर्यन गिर गया। खबर मिलने के बाद डीसी चंदन कुमार के आदेश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने त्रि सदस्य जांच कमेटी का गठन किया कर जल्द रिपोर्ट सपने को कहा। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम नई जानकारी देते हुए बताई की जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डीसी के आदेश अनुसार कार्यवाही की जाएगी। तीन सदस्य जांच कमेटी में जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी बबीता कुमारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मे श्रीमती सुलोचना कुमारी शामिल है। इसके बाद वार्डन और वहां मौजूद छात्र पहले उसे झारखंड अस्पताल ले गए। जहां से उसे दूसरे अस्पताल जाने को कहा गया। इसके बाद वे फिर रांची रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम पहुंचे। वहां डॉक्टर ने शरीर में कोई हरकत नहीं होने की बात कही और सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिजन, पुलिस, स्कूल के शिक्षक, छात्र और वार्डन सभी जुटे। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक छात्र आर्यन कुमार बसंतपुर नीम टोला मांडू निवासी नेहरू कुमार गंझू का पुत्र था। मृतक छात्र के शव को पोस्टमार्टम हाउस के शवगृह में रख दिया गया है। इस संबंध में स्कूल के वार्डन ने बताया कि हर दिन की तरह सभी छात्रों को समय पर जगाया गया और मैदान में बुलाया गया। इस दौरान बच्चे चलकर, दौड़कर और कूदकर मैदान में पहुंचते हैं। इसी दौरान आर्यन नीचे गिर गया। उस समय उसकी सांस चल रही थी। हमने उसका हार्ट पंप किया और तुरंत उसे अस्पताल ले गए। वहां से हमें दूसरे अस्पताल ले जाने को कहा गया। फिर हम उसे रांची रोड स्थित अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे सदर अस्पताल ले जाने को कहा. वहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कांग्रेस पार्टी डाडी प्रखंड भाग 1-2 कार्यकर्ताओं की बैठक

## प्रखंड अध्यक्ष को नचा रहे हैं कठपुतली की तरह : कांग्रेसी कार्यकर्ता

**कुछ तथाकथित ठीकेदार व भाड़े के लोगों ने किया कांग्रेस पार्टी को हाइजैक**



संवाददाता

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड भाग एक व दो के कांग्रेसी कार्यकताओं की बैठक रेलीगढ़ा बैंक ले समीप आयोजत की गई। जिसकी अध्यक्षता डाडी प्रखंड भाग दो के मंडल अध्यक्ष राजकिशोर महतो एवं भाग एक के मंडल अध्यक्ष रकीब अंसारी द्वारा संचालन किया गया ।बैठक में दोनों अध्यक्षों राजकिशोर महतो एवं रकीब अंसारी द्वारा कहा गया कि उनके द्वारा कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर पार्टी की मजबूती को लेकर ईमानदारी से काम किया जा रहा है। पार्टी के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल कों भारी मतों से विजयी बनाने के लिए बूथ स्तर पर जाकर काम किया जा रहा है ।वहीं कुछ ठीकेदार किस्म के लोग भाड़े के लोगों के साथ मिलकर प्रखंड अध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी कों ही हाईजैक कर लिया गया है। उनके द्वारा कार्यकताओं कों भेंड बकरी की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है ।यहाँ तक कि मंडल अध्यक्षों कों पूछा तक नहीं जा रहा है ।पुराने एवं वरिष्ठतम नेताओं कों भी दरकिनार किया जा रहा है ।हमलोगों के द्वारा क्षुब्ध होकर अलग बैठक आयोजित कर आपस में आगे कि रणनीति कों लेकर विचार-विमर्श किया गया ।बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव संचालन से ठीकेदारों और बिचौलियों को हटाने का निर्णय लिया गया है ।और कांग्रेस कमिटी द्वारा अलग से स्वतंत्र रूप से संचालित किया जाए। साथ ही यह मांग कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष एवं उम्मीदवार जे पी भाई पटेल से किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राधेश्याम साहू, सुदर्शन मंडल,हीरामनी देवी, रुखसाना प्रवीण,रितु देवी, सिकंदर मुंडा,दीपक, रवि सिंह,रेखा देवी, मनोज प्रसाद,मिथुन ठाकुर, सूरज कुमार अतौर रहमान, ताहिर अंसारी, विकास यादव,अनिकेत कुमार,विकास कुमार,रामजी महतो असगर अंसारी,अनीता देवी, रीना देवी,रेनू देवी, सुनीता देवी, वीणा देवी,तराना प्रवीण,सीता कुमार, मनोज राम, लोसीमा देवी, भोला मुंडा, अशोक कुमार, नंदिनी देवी, गुलचंद बेदिया, आनंद कुमार,बिजेंद्र प्रसाद, फूलदेव भूइंया आदि मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999